हरिभूमि
संस्करधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 15 अक्टूबर 2026
राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | खुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव

गो-हत्या के संदेह पर हिंदू संगठनों ने किया प्रदर्शन

48 घंटे के भीतर दो मवेशियों के कटे सिर मिलने से भड़के हिंदू संगठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के गौरीनगर क्षेत्र में दो दिनों के भीतर गो-वंश के दो कटा सिर मिलने के बाद बवाल मच गया है। मवेशी के कटा सिर मिलने के बाद आज विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा इस मामले में आक्रोश व्यक्त करते इसे गो-हत्या का मामला बताकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने मांग की गई है। इसको लेकर महाकाल चौक में दोनों कटे हुए सिर को सड़क पर रखकर प्रदर्शन भी किया गया।

शहर के गौरीनगर वार्ड स्थित तालाब में आज सुबह एक गाय का कटा हुआ सिर तालाब में दिखाई दिया। इसके बाद वार्ड प्रभारी और सफाई कर्मचारियों द्वारा इस सिर को तालाब से निकालकर समीप ही झाड़ियों वाले क्षेत्र में गड़ा दिया गया। मंगलवार को भी यहां इसी तरह रेलवे ट्रैक के समीप निर्माणाधीन अंडरब्रिज के पास एक गाय का सिर मिला था, जिसे भी इसी क्षेत्र में बिना कोई जांच कार्रवाई के गढ़ा दिया गया था। आज जब तालाब में गाय का सिर मिलने की सूचना विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को मिली, तो सभी गौरीनगर वार्ड पहुंचे, यहां उन्होंने गो हत्या का संदेह व्यक्त करते आक्रोश जताया और मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों से इस मामले में जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई किए जाने मांग की।



चौक में किया प्रदर्शन

गौरीनगर वार्ड में विरोध जताने के बाद सभी कार्यकर्ता रैली की शक्ल में इस मामले में कार्रवाई को लेकर नारेबाजी करते शहर के मानव मंदिर चौक पहुंचे और यहां उन्होंने गो-माता का सिर रखकर प्रदर्शन किया। इस दौरान दो दिनों से हो रही इस तरह की घटना को लेकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ भी आक्रोश जताया और नारेबाजी की।

धार्मिक आस्था हुई आहत

विश्व हिंदू परिषद के नंदूराम साहू, शिव वर्मा और राहुल बलदेव मिश्रा ने कहा कि मां शक्ति की आराधना का पर्व नवरात्रि चल रहा है। इसी तालब में ज्योत विसर्जन होता है। ऐसे में धार्मिक आस्था को आहत करने तालाब में गो-माता का सिर काटकर डाला गया। उन्होंने कहा कि इस मामले में दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच कार्रवाई की जाए।

कार्रवाई को लेकर आवेदन

इस मामले में गौरीनगर के पार्षद हफीज खान ने कहा कि गौरीनगर वार्ड में धार्मिक सौहार्द्र बिगड़ने के लिए इस तरह का कृत्य किया गया है। उन्होंने इस घटना की निंदा करते गो-हत्या जैसे मामले को लेकर आक्रोश व्यक्त किया है और दोषियों पर कार्रवाई के लिए खिलाफ पुलिस चौकी में आवेदन भी दिया है। सख्त कार्रवाई की मांग भी की गई है।

गो-हत्या का आरोप

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गौरीनगर क्षेत्र में मिल रहे गो-वंश के सिर को लेकर इसे गो-हत्या का मामला बताया है। विहिप कार्यकर्ताओं ने आक्रोश जताते कहा कि गो-माता की हत्या यहां की जा रही है और धड़ गायब है। इस मामले को लेकर अब पुलिस प्रशासन द्वारा आसपास का सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। वहीं पूरे मामले को लेकर जांच की जा रही है।







कलेक्टर ने डोंगरगढ़ मेले की व्यवस्थाओं पर अधिकारियों को दिए निर्देश

सीसीटीवी कैमरे से हो रही निगरानी

श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने डोंगरगढ़ स्थित विश्व प्रसिद्ध मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर में 11 से 20 अक्टूबर तक आयोजित क्वांर नवरात्रि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुचारू दर्शन व्यवस्था सुनिश्चित करने संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने नवरात्रि पर्व की तैयारियों के संबंध में आयोजित बैठक में पुलिस प्रशासन, रेलवे, स्वास्थ्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक निर्माण, विद्युत, नगरीय निकाय, परिवहन विभाग एवं सेवाभावी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से चर्चा कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी विभाग आपसी समन्वय से सौंपे गए दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करें।

कलेक्टर ने बताया कि क्वांर नवरात्रि मेले में लगभग 10 लाख श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना रहती है। प्रतिदिन लगभग 50 हजार से एक लाख श्रद्धालु डोंगरगढ़ पहुंचते हैं। इसे ध्यान में रखते मंदिर परिसर, मेला स्थल, रेलवे स्टेशन, पार्किंग स्थल एवं पदयात्री मार्गों पर सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने मेला परिसर एवं आसपास निर्मित लगभग 164 शौचालयों को चालू स्थिति में रखने तथा नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने कहा।



विद्युत एवं रेलवे व्यवस्था

कलेक्टर ने मंदिर परिसर, मेला मैदान, रेलवे स्टेशन, पार्किंग एवं प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा पुलिस बल, होमगार्ड एवं स्वयंसेवकों की तैनाती के निर्देश दिए। विद्युत विभाग को मंदिर परिसर एवं पदयात्री मार्गों में निर्बाध बिजली आपूर्ति, पर्याप्त स्ट्रीट लाइट, जनरेटर तथा तकनीकी कर्मचारियों की 24 घंटे उपलब्धता सुनिश्चित करने कहा। रेलवे विभाग को श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ट्रेनों के ठहराव, अतिरिक्त टिकट काउंटर, पेयजल, स्वच्छता एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देश

कलेक्टर ने अंजोरा से डोंगरगढ़ तक पदयात्री मार्गों में पर्याप्त प्रकाश, संकेतक, रिफ्लेक्टर, स्पीड ब्रेकर एवं आवश्यक स्थानों पर बैरिकेडिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। दुर्ग की ओर से आने वाले पदयात्री अंजोरा से सड़क के दाईं ओर चलेंगे। भारी वाहनों के लिए सोमनी थाना की ओर से वन-वे व्यवस्था तथा अमलीडीह से ढारा रोड पर भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रखने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस एवं परिवहन विभाग को पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात करने, ओवरलोडिंग, नशे में वाहन चलाने तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई करने कहा गया है। मेला स्थल एवं प्रज्ञागिरी मैदान सहित निर्धारित पार्किंग स्थलों पर सुव्यवस्थित पार्किंग एवं निर्धारित किराया दरों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

स्वास्थ्य व शुद्ध पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था

कलेक्टर ने मां बम्लेश्वरी मंदिर के ऊपर, मध्य एवं नीचे स्थित स्थानों सहित पदयात्री मार्गों पर स्वास्थ्य सहायता केन्द्रों में चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टॉफ, आवश्यक दवाइयों, ग्लूकोज, ओआरएस एवं प्राथमिक उपचार सामग्री की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आपातकालीन परिस्थितियों के लिए एम्बुलेंस, बाइक एम्बुलेंस तथा डोंगरगढ़ अस्पताल एवं जिला चिकित्सालय में चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध रखने कहा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं नगरीय निकायों को मेला परिसर तथा सभी सेवा पंडालों में शुद्ध पेयजल की नियमित आपूर्ति, टैंकर एवं पानी की टंकियों की व्यवस्था तथा पेयजल स्रोतों की गुणवत्ता की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं।

सामग्रियों की गुणवत्ता पर निगरानी

कलेक्टर ने रोप-वे के सुरक्षित संचालन के लिए नियमित मरम्मत, रखरखाव एवं फिटनेस प्रमाण-पत्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। रोप-वे का संचालन सुबह 7 से रात्रि 11 बजे तक निर्धारित किया गया है। दिव्यांगजनों एवं 50 वर्ष से अधिक आयु के श्रद्धालुओं को टिकट वितरण में प्राथमिकता देने कहा गया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन तथा खाद्य विभाग को होटल, रेस्टोरेंट, ढाबों, प्रसाद विक्रय केन्द्रों एवं भोजनालयों में खाद्य सामग्रियों की नियमित जांच कर दूषित खाद्य पदार्थ बेचने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। आबकारी विभाग को अवैध शराब विक्रय रोकने तथा संबंधित विभागों को झूलों एवं अन्य मनोरंजन साधनों की सुरक्षा जांच सुनिश्चित करने कहा गया है।

अधिकारों की जागरूकता से समाधान की राह आसान



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों, निर्धारित सेवा मानकों एवं शिकायत निवारण प्रक्रिया के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से डोंगरगढ़ संभाग के अंतर्गत छुरिया में विद्युत उपभोक्ता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के अध्यक्ष एके गौराहा ने उपभोक्ताओं को विद्युत सेवाओं से संबंधित समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया, शिकायत दर्ज कराने के विभिन्न माध्यमों तथा फोरम की भूमिका की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।कार्यशाला में उपभोक्ता फोरम के सदस्य एनके साहू एवं छुरिया उपसंभाग के सहायक अभियंता दिनेश चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में विद्युत उपभोक्ता उपस्थित रहे।

इस दौरान घरेलू एवं व्यावसायिक उपभोक्ताओं को विद्युत सेवाओं के निर्धारित मानकों, उपभोक्ता अधिकारों तथा समयबद्ध शिकायत निवारण व्यवस्था से अवगत कराया गया। निर्धारित स्तर पर समाधान नहीं मिलने पर फोरम में करें।

कार्यशाला में बताया गया कि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए ऑनलाइन शिकायत व्यवस्था सहित विभिन्न शिकायत निवारण माध्यम उपलब्ध हैं। इनके माध्यम से उपभोक्ता अपनी विद्युत संबंधी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं तथा शिकायत की स्थिति एवं निराकरण की प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

जिज्ञासाओं का किया गया समाधान

कार्यशाला के दौरान उपस्थित उपभोक्ताओं की विद्युत सेवाओं से जुड़ी जिज्ञासाओं एवं समस्याओं को सुना गया और उन्हें शिकायत दर्ज कराने के उचित माध्यमों के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि जागरूक उपभोक्ता अपने अधिकारों का बेहतर उपयोग कर सकते हैं। इसके लिए प्रत्येक उपभोक्ता को विद्युत सेवाओं के निर्धारित मानकों, शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया तथा उपलब्ध निवारण व्यवस्था की जानकारी होनी चाहिए।

बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण

- विचारों को आत्मसात करने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धम्म चक्र परिवर्तन दिवस पर 14 अक्टूबर को बौद्ध कल्याण समिति राजनांदगांव द्वारा कलेक्टर परिसर स्थित भारत रत्न एवं भारतीय संविधान के निर्माता परम पूज्य बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की विशाल प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर बाबा साहब के संघर्ष, सामाजिक योगदान और मानवतावादी विचारों का स्मरण करते उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।

उल्लेखनीय है कि 14 अक्टूबर 1956 को नागपुर की ऐतिहासिक दीक्षाभूमि में बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने बौद्ध धम्म की दीक्षा ग्रहण की थी तथा लाखों अनुयायियों को बौद्ध धम्म की दीक्षा दिलाकर समाज को समानता, स्वतंत्रता, बंधुत्व, न्याय एवं मानवता का संदेश दिया था। धम्म



चक्र परिवर्तन दिवस भारतीय इतिहास में सामाजिक और धार्मिक परिवर्तन का एक महत्वपूर्ण अध्याय है। यह दिवस हमें जातिगत भेदभाव, असमानता और सामाजिक कुरीतियों से मुक्त होकर समतामूलक समाज के निर्माण की प्रेरणा देता है। भगवान बुद्ध के करुणा, मैत्री एवं प्रज्ञा के सिद्धांत और बाबा साहब के विचार आज भी समाज को नई दिशा प्रदान करते हैं।

बौद्ध कल्याण समिति के अध्यक्ष राजू बारमाटे ने कहा कि धम्म चक्र परिवर्तन दिवस केवल स्मरण का दिन नहीं, बल्कि बाबा साहब के विचारों को अपने जीवन में उतारने और समाज में शिक्षा, संगठन, समानता तथा भाईचारे को मजबूत करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि हमें बाबा साहब के संविधानवादी विचारों और भगवान बुद्ध के धम्म मार्ग पर चलकर एक न्यायपूर्ण एवं समतामूलक समाज के निर्माण में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर बौद्ध कल्याण समिति की ओर से सामाजिक एकता, आपसी भाईचारे और बाबा साहब के विचारों के प्रचार-प्रसार का संदेश दिया गया।

ज्ञान ही नहीं होगा तो किसी को हम जानेंगे कैसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर के सुशिष्य श्रेयांशप्रभ सागर ने कहा कि किसी चीज को जानने के लिए ज्ञान का होना आवश्यक है, जब तक हमें किसी के बारे में जानकारी नहीं होगी तो हम उसे कैसे प्राप्त कर सकते हैं। ज्ञान हमें गुरु से मिलता है, इसलिए गुरुदेव की पहले अनुमोदना की जाती है।

मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने बताया कि ज्ञान वल्लभ उपाश्रय भवन में चल रहे चातुर्मासिक प्रवचन की कड़ी में मुनिश्री श्रेयांशप्रभ सागर ने कहा कि आपका पूरा जीवन ही सीरियल है/ एक मूवी है। जिसमें आप मात्र एक पात्र हैं। आप यहां रोल निभाने आए हैं। इस संसार में गुरु ही हमें अज्ञानता रूपी अंधकार से बाहर निकालता है।

मुनिश्री श्रेयांशप्रभ ने कहा कि हमारे जीवन में अनेक छोटी-मोटी घटनाएं घटती है, फिर भी हमारी आंखें खुलती नहीं है।

सोए हुए को तो जगाया जा सकता है, किंतु जागते हुए जो आंखें बंद कर ले, उसे कौन जगा सकता है। ज्ञान, दर्शन और चारित्र में चारित्र तो अंतिम चीज है, हमें पहले ज्ञान और दर्शन की आवश्यकता होती है। हम पहले ज्ञान को तो प्राप्त कर लें तो दर्शन और चारित्र को भी पा लेंगे, जब तक हमें ज्ञान नहीं मिलेगा तो हम किसी चीज को कैसे प्राप्त कर पाएंगे। हम परमात्मा को जानेंगे नहीं तो फिर उन्हें प्राप्त कैसे करेंगे।

जयंती पर आयोजन, स्कूल परिसर में चला पौधारोपण और स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती अवसर पर शास. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार, विकासखंड डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव में विद्यालय परिसर एवं ग्राम में वृक्षारोपण और स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया तथा विद्यालय परिसर और गांव के आसपास साफ-सफाई कर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। विद्यार्थियों को पेड़-पौधों के महत्व, पर्यावरण संतुलन और स्वच्छता को दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू ने कहा कि महात्मा गांधी जी का स्वच्छता का संदेश आज भी प्रासंगिक है। स्वच्छ वातावरण और हरित पर्यावरण स्वस्थ समाज की आधारशिला



हैं। उन्होंने सभी से पौधों की देखभाल करने, स्वच्छता बनाए रखने तथा पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय योगदान देने की अपील की।

कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों एवं ग्रामवासियों में सामाजिक जिम्मेदारी, प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और स्वच्छता के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने का संदेश दिया गया।

इस कार्यक्रम में थंगेश्वर कुमार साहू, स्टॉफ सदस्य, प्रदीप कुमार साहू , भूपेश सहारे, संतोष सहारे , शकुंतला बाई, नागेश कुमार भूपेंद्र कुमार, कुणाल दास एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

देश की अर्थव्यवस्था में टूरिज्म की महत्वपूर्ण भूमिका

राजनांदगांव। शा. दिग्विजय महाविद्यालय के वनस्पति शास्त्र विभाग द्वारा विश्व पर्यटन दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि प्रो. केके साहू व विशिष्ट अतिथि डॉ. बीएल सोनकर थे।

इस अवसर पर प्रो. केके साहू ने पर्यावरण एवं पर्यटन के महत्व, सस्टेनेबल डेवलपमेंट की वर्तमान परिदृश्य में प्रासंगिकता के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि टूरिज्म केवल घूमना-फिरना नहीं है, परंतु किसी भी देश के अर्थव्यवस्था में



टूरिज्म एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विशिष्ट अतिथि डॉ. बीएल सोनेकर ने टूरिज्म के विषय में कई महत्वपूर्ण बातों से अवगत कराया।

प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने कई घूमने-फिरने की जगह के विषय में एवं उनके सामाजिक, सांस्कृतिक व ऐतिहासिक महत्व के बारे में बताया। डॉ. त्रिलोक कुमार ने कहा कि कुल वैश्विक आय में पर्यटन सेक्टर की भागीदारी 11.6 ट्रिलियन यूएस डॉलर है तथा वैश्विक स्तर में 366 मिलियन लोगों को पर्यटन से रोजगार प्राप्त होते हैं। भारत के संदर्भ में पर्यटन सेक्टर कुल जीडीपी का लगभग 5% हिस्सा रखता है। इस अवसर पर डॉ. किरण जैन, डॉ. मनीषा यादव, नादिर इकबाल, दामिनी तथा विद्यार्थीगण

चातुर्मास सत्संग 18 को

राजनांदगांव। सुकुलदैहान समीपस्थ सद्गुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंडरी में इस वर्ष भी जिला चातुर्मास आयोजन समिति एवं सद्गुरु कबीर सत्संग सेवायोग आश्रम समिति पेंडरी के संयुक्त तत्वावधान में चातुर्मास पर्व पर अध्यात्मिक दिव्य सत्संग भजन प्रवचन का कार्यक्रम आगामी 18 अक्टूबर को समय सुबह 10 बजे प्रारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर परम पूज्य बौद्ध धम्मगुरू पूज्य भन्ते बुद्धपाल जिला सिवनी मध्यप्रदेश से अपने श्रामनेर संघ के साथ पधारेंगे। आगामी 18 अक्टूबर को सुबह 10 बजे बौद्ध धम्म गुरूजनों का स्वागत सम्मान पूजन होगा।

70 साल की गौरवगाथा: संगीत विश्वविद्यालय में कला-संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राजकुमारी इंदिरा सिंह कला संगीत विश्वविद्यालय के 70वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन गरिमामय माहौल में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत, राज्य गीत और विश्वविद्यालय गीत से हुई। इसके बाद राज्यपाल एवं कुलाधिपति रमेन डेका, सांसद संतोष पांडे और कुलपति प्रो. डॉ. लवली शर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा राजकुमारी इंदिरा सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

कुलपति ने राज्यपाल का स्वागत किया, वहीं सांसद का स्वागत नारियल, फल एवं पुष्प भेंट कर किया गया। विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलसचिव आर. वेंकट रमण गुड़े ने कुलपति का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजेंद्र ने किया।

समारोह में राजपरिवार की सदस्य राजकुमारी शताक्षी सिंह, सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह, जिला प्रशासन के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी, विद्यार्थी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सांसद संतोष पांडे ने कहा कि राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह और रानी पद्मावती ने अपनी पुत्री की स्मृति में विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए जो दान दिया, वह अद्वितीय और अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि आज के समय में जमीन दान करना भी कठिन हो गया है, लेकिन राजपरिवार ने दूरदर्शी सोच के साथ ऐसा संस्थान स्थापित किया, जिसने खैरागढ़ को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई।



संसाधनों की कमी की ओर खींचा ध्यान

कुलपति प्रो. डॉ. लवली शर्मा ने स्वागत उद्बोधन में विश्वविद्यालय की 70 वर्षों की विकास यात्रा, शैक्षणिक उपलब्धियों और कला शिक्षा में योगदान का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय से प्रशिक्षित कलाकारों ने राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया है और यहां के विद्यार्थी देश के केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों, एकलव्य विद्यालयों सहित प्रतिष्ठित संस्थानों में कला शिक्षा के क्षेत्र में सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में पहली बार महिला यूथ पार्लियामेंट के आयोजन की स्वीकृति भारतीय विश्वविद्यालय संघ से मिली है, जिसका आयोजन जनवरी में प्रस्तावित है। कुलपति ने शिक्षकों, संगत कलाकारों एवं कर्मचारियों की कमी और अतिरिक्त भवनों की आवश्यकता बताते हुए शासन से सहयोग की अपेक्षा जताई।

डिजिटल माध्यमों से दें वैश्विक पहचान

राज्यपाल एवं कुलाधिपति रमेन डेका ने कहा कि विश्वविद्यालय की 70 वर्षों की यात्रा विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों और इससे जुड़े प्रत्येक व्यक्ति के सामूहिक योगदान का परिणाम है। उन्होंने दानवीर राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह और रानी पद्मावती द्वारा अपनी पुत्री राजकुमारी इंदिरा सिंह की स्मृति में विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए किए गए योगदान को ऐतिहासिक बताया। राज्यपाल ने कहा कि संगीत मनुष्य को मानसिक शांति देता है, जबकि नृत्य, चित्रकला और शिल्प समाज के इतिहास एवं सांस्कृतिक जीवन को अभिव्यक्त करते हैं। छत्तीसगढ़ की पंडवानी, पंथी, राउत नाचा, सुवा नृत्य, कर्मा और बस्तर की जनजातीय नृत्य परंपराओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश की समृद्ध लोककलाओं को मोबाइल, इंटरनेट और डिजिटल मीडिया के माध्यम से देश-विदेश तक पहुंचाया जाना चाहिए।

महापौर ने शिविर का किया निरीक्षण, आवेदनों का निराकरण

12 वार्डों के लिए लखोली में शिविर, 53 आवेदन मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत सेवा सेतु कार्यक्रम सरकार आपके द्वार के तहत वार्डों में मेगा कैम्प लगाने की अंतिम कड़ी में बुधवार को लखोली स्कूल में 12 वार्ड क्रमशः वार्ड नं. 29 से 36 एवं 47, 49, 50 व 51 के लिए शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में महापौर मधुसूदन यादव उपस्थित होकर स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने वार्डवासियों से मुलाकात कर उनके आवेदनों के संबंध मे चर्चा की। उन्होंने कहा कि आप लोगों द्वारा दिए गए आवेदनों का प्राथमिकता से समाधान किया जाएगा। सरकार की मंशा कि सरकार आपके द्वार के तहत वार्डों में शिविर लगाकर



नागरिकों के बीच जाकर उनकी समस्या का समाधान करना तथा उन्हें शासन की जन कल्याणकारी योजनओं की जानकारी देकर लाभ देना है। उन्होंने सभी विभाग के अधिकारियों से कहा कि प्राप्त आवेदनों का छंटनी कर प्राथमिकता तय कर यथासंभव समाधान कर आवेदक को अवगत कराया जाए।

महापौर श्री यादव के साथ नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम समेत डीलेश्वर साहू, शैकी बग्गा, चंद्रशेखर लश्करे, रीना सिन्हा, गिरजा निर्मलकर, संतोष साहू, मिथलेश्वरी वैष्णव, संतोष निर्मलकर, हिंछाराम साहू, विजय सिन्हा ने भी शिविर में उपस्थित होकर वार्डवासियों का आवेदन लेकर उन्हें शासन की योजना का लाभ लेने अपील किया।

आवेदनों का विभागवार छंटनी

बसंतपुर निवासी गोलू साहू ने आयुष्मान कार्ड शिविर में नवीनीकरण होने पर कहा कि बसंतपुर के शिविर में मैं नहीं पहुंच पाया था, लेकिन लखोली शिविर में आने से मेरा आयुष्मान कार्ड नवीनीकरण हुआ। आयुष्मान कार्ड से अब मुझे ईलाज कराने में सुविधा मिलेगी। लखोली शिविर में विभिन्न विभागों की मांग से संबंधित 46 एवं शिकायत के 7 कुल 53 आवेदन प्राप्त हुए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा वार्डवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवा वितरित किया गया तथा समाज कल्याण विभाग द्वारा नशामुक्ति के लिए शपथ दिलाई गई। नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत नागरिकों की शिकायत व समस्या का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण करने तथा उन्हें शासन की योजना का लाभ देने सेवा सेतु कार्यक्रम सरकार आपके द्वार के तहत वार्डों में मेगा कैम्प आयोजित किए गए। 12 वार्ड के लिए लखोली में शिविर आयोजित किया गया है। सभी शिविरों में प्राप्त आवेदनों का विभागवार छंटनी कर उसका प्राथमिकता तय कर निराकरण किया जाएगा। शिविर में सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ का गौरव, कवर्धा के लाडले सपूत
छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय
डॉ. रमन सिंह जी
एवं केन्द्रीय आवास एवं शहरी राज्य मंत्री
श्री तोखन साहू जी
को जन्मदिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं

माननीय छ.ग. विधानसभा अध्यक्ष
डॉ. रमन सिंह जी
15 अक्टूबर
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
विनीत : समस्त कार्यकर्ता महासमुंद विधानसभा
योगेश्वर राजू सिन्हा
विधायक- महासमुंद

15 OCTOBER

छत्तीसगढ़ के विधानसभा अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री
एवं राजनांदगांव के लाडले विधायक आदरणीय

डॉ रमन सिंह जी

को जन्मदिन की



हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं



मधुसूदन यादव
महापौर - नगर पालिक निगम, राजनांदगाँव
पूर्व सांसद - राजनांदगांव





15 OCTOBER

छततीसगढ़ के विधानसभा अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री एवं
राजनांदगांव के लाडले विधायक आदरणीय

डॉ रमन सिंह जी

को जन्मदिन की

हार्दिक बधाई...







सुमीत सिंग भाटिया
अध्यक्ष
शहर भाजपा (उत्तर) राजनांदगांव

विनीत : भाजपा (उत्तर मंडल), राजनांदगांव (छ.ग.)

हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 15 अक्टूबर 2026
राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव



खबर संक्षेप

गिधवा में पंडवानी गायन आज से

जेवरतला रोड। ग्राम गिधवा में नव युवा दुर्गा उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से मां दुर्गा की मूर्ति स्थापित कर धूमधाम से नवरात्रि पर्व मनाया जा रहा है। आयोजन समिति के अध्यक्ष तोरनलाल साहू, ग्राम पटेल पोषण साहू, मंगलू एवं संतोष ने बताया कि कल 15 एवं 16 अक्टूबर को रात्रि में 8 बजे लोकरंग पंडवानी पार्टी की गायिका रोशनी नागवंशी का कार्यक्रम रखा गया है।

वन क्षेत्र से रेत का उत्खनन

डोंगरगढ़। कोहलाकासा के जंगलों से रेत का उत्खनन और परिवहन का मामला गंभीर होते जा रहा है। रोकथाम के दावों के बावजूद रेत का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। कई दिनों से रेत से भरे वाहनों की आवाजाही जारी है। चारभाठा, फतेगंज सहित अन्य गांवों में रेत का भंडारण किया जा रहा है। रेत का परिवहन जंगल के कच्चे रास्तों का उपयोग किया जा रहा है। विभिन्न मार्गों से बड़ी मात्रा में रेत जमा किया गया है। जंगल के अंदर रेत के ढेर दिखाई दे रहे है।



स्टूडेंट यूनियन की अध्यक्ष बनी योगेश्वरी

डोंगरगढ़। गोंडवाना स्टूडेंट यूनियन की नई कार्यकारिणी का गठन मंगलवार को चुनाव के माध्यम से किया गया। योगेश्वरी को अध्यक्ष चुना गया। वहीं नीना नेताम एवं इंद्राणी ध्रुव को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। हेमा सोरी को भी कार्यकारिणी में शामिल किया गया। सजनी मंडावी को सचिव, खिलेश्वरी मंडावी को सह सचिव, युक्ता सोरी को कोषाध्यक्ष तथा लिली मंडावी को संगठन मंत्री चुना गया।



मंत्री राजपूत ने किया दर्शन

डोंगरगढ़। मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए पहुंचे मध्यप्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने दर्शन के पश्चात अक्षय भंडारी के निवास पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान भंडारी परिवार के सदस्यों ने मंत्री का आत्मीय स्वागत किया। मंत्री श्री राजपूत ने भंडारी परिवार के सदस्यों से चर्चा की।



बैठक में बिजली उपभोक्ताओं का बताया अधिकार

गंडई पंडरिया। विद्युत वितरण कम्पनी गंडई में विद्युत उपभोक्ता जागरूकता विषय पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में छग विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के अध्यक्ष एके गौराहा उपस्थित रहे ।लगभग 3 दर्जन से अधिक उपभोक्ताओं को जागरूक करते हुए बताया कि विद्युत आपूर्ति में व्यवधान होता है, वोल्टेज, लोड शेडिंग, मीटर, विद्युत बिल से संबंधित शिकायतें अधिनियम की धारा 126 तथा 135 में शामिल है। विद्युत की चोरी, कनेक्शन डिस्कनेक्शन और पुनसंयोजन, नए कनेक्शन में विलम्ब, विद्युत भार, मांग घटाने बढ़ाने का निवेदन या सुरक्षा राशि पर ब्याज का न दिया जाना या किसी सेवा के लिये अधिक प्रकार की वसूली आदि पर उपभोक्ता आवेदन कार्यालय जमा कर सकते है। बैठक में बिजली कम्पनी की ईई किरण जांगड़े, जेई हरिप्रसाद जंघेल, धोधा सरपंच दूजे वर्मा, नगर पंचायत के किंसुक यादव, दयालु साहू सहित अन्य उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री को समस्या से कराया अवगत

सड़क अतरिया। पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर किसानों की परेशानी एवं समस्या से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने किसानों की परेशानी को गंभीरता से लेते हुए विभाग को नुकसान का सर्वे करा कर प्रभावित किसानों को राहत पहुंचाने का आश्वासन दिया है। ज्ञात हो कि बीते सप्ताह आंधी और बारिश में अधपके हरूना धान की फसल गिर गई। बहुत से खेतों में पानी भरने से फसल खराब हो गई है। अधपकी फसल का गिरने से उत्पादन प्रभावित होने की संभावना बढ़ गई है। फसल खराब होने से किसानों को कर्ज चुकाने की चिंता सताने लगी है। बीते रबी सीजन में बारिश से चना फसल खराब हो गई थी। फसल को हुंए नुकसान का सर्वे के बाद बीते सप्ताह कुछ किसानों को बीमा का लाभ दिया गया है जबकि बहुत से पात्र किसानों को अभी तक बीमा का लाभ नहीं मिला है। कोमल जंघेल ने मुख्यमंत्री को शेष बचे किसानों को भी शीघ्र बीमा का लाभ दिलाने की बात कही। इस पर भी उन्होंने आश्वासन दिया है कि शीघ्र ही शेष किसानों को बीमा का लाभ मिल जाएगा।



महतारी वंदन योजना से कुसुम को मिला संबल

छुईखदान। राज्य सरकार की महतारी वंदन योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ उनके परिवार की खुशहाली और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का आधार बन रही है। इस योजना का लाभ नगर के वार्ड क्रमांक 5 निवासी कुसुम को भी मिल रहा है। श्रीमती कुसुम ने बताया कि महतारी वंदन योजना अंतर्गत उन्हें प्रतिमाह एक हजार रुपए मिल रहे हैं। इस राशि का उपयोग वह अपने बच्चों की पढ़ाई और शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा करने में कर रही हैं। उन्होंने बताया कि शासन की इस योजना से परिवार को आर्थिक सहयोग मिल रहा है। प्रतिमाह नियमित रूप से मिलने वाली राशि से बच्चों की शिक्षा संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिलती है। वे चाहती हैं कि उनके बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त कर भविष्य में आत्मनिर्भर बनें और परिवार का नाम रोशन करें। श्रीमती कुसुम ने महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह योजना महिलाओं के लिए सहारा बनने के साथ बच्चों के बेहतर भविष्य को संवारने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।



निधन



हेमंत हरीलाल भाई परमार

डोंगरगढ़। स्थानीय हेमंत हरीलाल भाई परमार का आकस्मिक निधन हो गया है। उनका अंमित संस्कार हरनाबांध मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर समाजिकजनों ने शोक व्यक्त किया है।

कोलकाता के कलाकारों ने सजाया मां बम्लेश्वरी का दरबार

फूलों से सजा मां बम्लेश्वरी का गर्भगृह लोगों को लुभा रही हाथियों की आकृति

धर्मनगरी में श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा नवरात्र पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मां बम्लेश्वरी के दरबार में इन दिनों भक्ति और सुंदरता का संगम देखने मिल रहा है। देवी दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को गर्भगृह की मनमोहक पुष्प सज्जा आकर्षित कर रही है।

कोलकाता के कारीगरों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का परिचय देते हुए गर्भगृह को फूलों से बेहद खूबसूरत अंदाज में सजाया है। सजावट में हाथियों की आकर्षक आकृतियों के माध्यम से फूलों की वर्षा होती हुई दिखाई देने जैसा स्वरूप दिया गया है।

मां बम्लेश्वरी के दरबार को आकर्षक और भव्य रूप देने के लिए कारीगरों ने फूलों की सजावट में बारीकियों का विशेष ध्यान रखा है। हाथियों की आकृतियों के जरिए फूल बरसने की कल्पनाशील प्रस्तुति ने सजावट को अलग पहचान दी है। फूलों की सुसज्जित संरचना और कलात्मक संयोजन से गर्भगृह अत्यंत मनोहारी नजर आ रहा है।



उमड़ रहे श्रद्धालु

नवरात्र के मौके पर मां बम्लेश्वरी मंदिर में छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि देशभर के श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। उल्लेखनीय है कि यहां वर्ष भर बड़ी संख्या में भक्त माता के दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद



मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा के लिए बेलगांव के ग्रामीणों और मां बम्लेश्वरी पदयात्री सेवा समिति ने सराहनीय पहल की है। समिति की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है जिसका लाभ राजनांदगांव- बेलगांव मार्ग से आने वाले पदयात्रियों मिल रहा है। समिति ने भंडारा स्थल पर भोजन, पेयजल, बैठने और मोबाइल चार्जिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। स्वास्थ्य विभाग ने यहां मरहम-पट्टी की व्यवस्था की है, ताकि पदयात्रा के दौरान चोटिल होने वाले श्रद्धालुओं को राहत मिल सके। समिति के शैलेश गोयल, चीन अग्रवाल, लेखराम साहू सहित अन्य सदस्य सेवा में जुटे हैं।

घोटिया में मां सरस्वती मूर्ति स्थापित

घोटिया में नवरात्रि के अवसर पर नवयुवक मंडल सरस्वती उत्सव समिति स्कूल चौक ने ग्रामवासियों के सहयोग से मां सरस्वती की मूर्ति स्थापित किया है। इस वर्ष आयोजन का 44वां वर्ष है। मूर्ति स्थापना भागवताचार्य पं मनोज शर्मा के सानिध्य में किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, नरोत्तम नेटी, मानबाई मंडावी, प्रताप, दीनूराम, एवन, मिलन सिंह, लक्ष्मण पडोती, राज कपूर नेटी, नारायण सेन, विक्की नेटी, डेविड, विजय पड़ोती, मिथलेश, किशोर सहित अन्य मौजूद थे।

आज होगा माता का श्रृंगार



सड़क अतरिया। ग्रामीण क्षेत्र में शारदीय नवरात्र पर्व श्रद्धा भक्ति से मनाया जा रहा है। देवी मंदिरों एवं समितियों द्वारा स्थापित देवी प्रतिमा स्थलों में माता के जयकारा से अंचल धार्मिक मय हो गया है। देवी मंदिरों में सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं का आना जाना लगा हुआ है। नवरात्र के पांचवें दिन कल गुरूवार को देवी स्थलों में पंचमी उल्लास से मनाया जाएगा। पर्व पर विधि विधान से माताराणी का पूजा अर्चना, श्रृंगार कर भोग लगाया जाएगा। क्षेत्र के लोगों की आस्था की देवी मां नर्मदा मंदिर, घिरघोली स्थिति सिद्ध बाबा मंदिर, चोरडाधाम स्थिति दुर्गा मंदिर, पैलीमेटा के अन्नपूर्णा मंदिर, बंजारी मंदिर, शीतला मंदिर आदि में पंचमी मनाने की तैयारी कर लिया गया है।

नौ माह से नहीं मिला वेतन कर्मियों ने गेट में जड़ा ताला



हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

नौ महीने से वेतन मिलने का इंतजार क रहे कृषक सेवा सहकारी समिति के कर्मचारियों बुधवार को अप्रत्याशित कदम उठाते हुए कार्यालय में ताला जड़ दिया।

जानकारी क अनुसार समिति प्रबंधक पतिराम सिन्हा, कम्प्यूटर ऑपरेटर ढालेश्वर वर्मा, मानवेंद्र वर्मा, विक्रेता पुनेश्वर यादव, चतुर्थ वर्ग कर्मचारी राम खिलावन ठाकुर, तोमेश निषाद एवं दैनिक कर्मचारी अभयसिंह ठाकुर को बीते नौ माह से वेतन नहीं मिला है। वेतन का भुगतान नहीं होने इन कर्मचारियों का भरण पोषण में परेशानी हो रही है। वेतन नहीं मिलने की जानकारी से उन्होंने गत 28 सितंबर को कलेक्टर, उपायुक्त सहकारिता, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के चेयरमेंन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहकारिता विस्तार अधिकारी एवं कृषक सेवा सहकारी समिति के प्राधिकृत अधिकारी को अवगत कराया था किन्तु वेतन भुगतान की दिशा में कोई पहल नहीं की गई। निराश और हताशा होकर कर्मचारियों ने कार्यालय बंद करने का कदम उठाया।

आपदा से बचाव का प्रशिक्षण

गंडई पंडरिया। देवीप्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई में आपदा न्यूनीकरण दिवस के अवसर पर जागरूकता एवं प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

यह आयोजन मेरा युवा भारत अंतर्गत जिला युवा अधिकारी शुभजीत डे के मार्गदर्शन और नेशनल यूथ वालंटियर शिव कुमार गात्रेकर के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान मास्टर ट्रेनर्स मिथिलेश पटेल, मनोज साहू तथा उनकी टीम ने विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन, बचाव और आपातकालीन परिस्थितियों में स्वयं व दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के संबंध में जानकारियां दी। इस अवसर पर केवल सैद्धांतिक बातें ही नहीं बताई गईं, बल्कि बाढ़, भूकंप और गैस सिलेंडर में आग लगने जैसी आपदाओं से निपटने के व्यवहारिक तरीके भी प्रायोगिक रूप से प्रदर्शित किए गए।





हरिभूमि

संस्कारधानी भूमि

रायपुर, गुरुवार 15 अक्टूबर 2026

राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव

नवरात्रि विशेष



पंचमी: स्कंदमाता

देवी मां का पांचवा स्वरूप स्कंदमाता का है। स्कंदमाता को ही महेश्वरी, गौरी और पार्वती कहते हैं। भगवान स्कंदजी बालरुप में इन्हीं के गोद में विराजते हैं। सौभाग्य की देवी स्कंदमाता असुरों का दमन करने वाली और परम वैभवशाली है। सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक अलौकिक तेज और कांति से संपन्न हो जाता है। कथा है कि एक बार असुर तारकासुर ने घोर तपस्या करके ब्रह्माजी से अक्षत जीवन का वर ले लिया था। ब्रह्माजी ने वरदान तो दे दिया पर कहा कि आना-जाना तो इस सृष्टि का नियम है। इससे कोई नहीं बच सकता। इस पर धूर्त तारकासुर ने वर मांगा कि उनकी मौत हो तो सिर्फ शिवजी के पुत्र के हाथों। ब्रह्माजी ने भी तथास्तु कह दिया। अब तारकासुर निरंकुश हो गया। उसने सोचा न तो शिव कभी विवाह करेंगे और उसकी मौत होगी। तारकासुर ने ऐसा उत्पात मचाया कि सारा संसार त्राहि-त्राहि कर उठा। देवगण शिवजी की शरण में पहुंचे और सार व्यथा-कथा कह सुनाई। उनके काफी अनुनय-विनय सदाशिव ने साकार रुप धारण कर पार्वतीजी से विवाह रचाया। कालांतर में शिव-पार्वती कार्तिकेय या स्कंदकुमार ने तारकासुर को यमलोक पहुंचाया। स्कंदमाता के स्वरुप के साथ ही माता और पुत्र संबंध की नींव पड़ी। पांचवे नवरात्र को इन्ही स्कंदमाता की पूजा होती है। शास्त्रों में पांचवे नवरात्रि को पुष्कल का महत्व बताया गया है। स्कंदमाता की चार भुजाएं है। इनका वर्ण शुभ्र है। स्कंदमाता की आराधना के समय साधक मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित रहता है। स्कंदमाता की पूजा करने वाले भक्तों का मन सांसारिक मोहमाया की आरधना का मंत्र है- नित्यं पद्माश्रितकरद्वया। शुभ्रदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी।।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन पर विशेष आयोजन

संस्कारधानी में रहेगा दिग्गजों का जमावड़ा सीएम-राज्यपाल सहित जुटेंगे सभी मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



संस्कारधानी आज अपने जननेता और स्थानीय विधायक डॉ. रमन सिंह का 74वां जन्मदिन मनाने जा रही है। डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन को खास बनाने के लिए हर साल की तरह ही इस बार भी शहर में राग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें देश-विदेश में सुप्रसिद्ध गायक जुबिन नौटियाल अपनी प्रस्तुति देते नजर आएंगे। इस दिन के महत्व को इससे समझा जा सकता है कि डॉ. रमन सिंह को जन्मदिन पर बधाई देने प्रदेशभर के दिग्गज राजनांदगांव में जुटने वाले हैं।

राज्यपाल रमन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू सहित प्रदेश सरकार के लगभग सभी दर्जनभर मंत्रियों की मौजूदगी राजनांदगांव में रहने वाली है। इतनी संख्या में वीआईपी के राजनांदगांव में होने का असर है कि सुरक्षा को लेकर भी पुलिस ने अपनी विशेष तैयारियां कर ली है, जिस दिग्विजय स्टेडियम में राग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, उसके चप्पे-चप्पे के साथ ही विस अध्यक्ष कैंप कार्यालय और सर्किट हाउस में भी चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। ज्ञात हो डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन को खास बनाने के लिए दिग्विजय स्टेडियम में युवा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा कराए जा रहें आयोजन को भी ऐतिहासिक बनाने की पूरी कवायद की जा रही है। अध्यक्ष भावेश बैद ने बताया सभी प्रकार की तैयारियां की जा चुकीं है। पुलिस-प्रशासन के साथ समन्वय कर आने वाले लोगों की एंट्री से लेकर उनके बैठने की व्यवस्था को लेकर पर्याप्त इंतजाम किए गए है।







सभी के लिए इंतजाम

दिग्विजय स्टेडियम में युवा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा राग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष भवेश बैद ने बताया कि वीआईपी के साथ ही आमजनों को लेकर भी सभी तरह के इंतजाम किए जा रहे हैं। स्टेडियम में अलग-अलग हिस्सों में करीबन 35 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। सभी को निःशुल्क पास वितरित किए गए हैं। इसके साथ ही मेडिकल टीम की भी व्यवस्था रखीं गई है, जिसमें डॉक्टरों की टीम रहेगी।

पास में जिस गेट का उल्लेख, उसी से एंट्री

राजनांदगांव। शहर में 15 अक्टूबर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर जुबिन नौटियाल के लाइव कॉन्सर्ट को दृष्टिगत रखते राजनांदगांव पुलिस द्वारा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने तथा आगंतुकों की सुविधा एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की गई है। एडवाईजरी के तहत कहा गया है कि बेहतर एवं सुविधाजनक प्रवेश के लिए शाम साढे 4 से 6 बजे तक स्टेडियम पहुंचने का प्रयास करें। शाम 6 से 8 बजे के बीच प्रवेश द्वारों पर अधिक भीड़ होने की संभावना है। अतः समय से पहले पहुंचे। स्टेडियम में प्रवेश हेतु पांच मुख्य द्वार ए, बी, सी, डी व ई निर्धारित किए गए हैं। पास पर अंकित प्रवेश द्वार के अनुसार ही संबंधित मुख्य द्वार से प्रवेश करें। प्रवेश से पूर्व सुरक्षा जांच एवं फ्रिस्किंग की जाएगी। कार्यक्रम में आने वाले आगंतुकों की सुविधा एवं यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते विभिन्न श्रेणियों के पास के अनुसार पार्किंग स्थल निर्धारित किए गए हैं। सभी आगंतुक अपने पास के अनुरूप निर्धारित पार्किंग स्थल का ही उपयोग करें।

पैदल आने को प्राथमिकता देने की अपील

आयोजन स्थल के नजदीक रहने वाले तथा पैदल आने में सक्षम नागरिकों से अपील कि है कि वे निजी वाहनों के स्थान पर पैदल आने के विकल्प पर विचार करें। इससे यातायात का दबाव कम करने और पार्किंग व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में सहायता मिलेगी। प्रतिबंधित वस्तुएं, हथियार, धारदार वस्तुएं एवं अन्य निषिद्ध सामग्री आयोजन स्थल पर न लाएं। धक्का-मुक्की, अव्यवस्था, अफवाह फैलाने अथवा किसी भी प्रकार की अशांति उत्पन्न करने से बचें। किसी भी प्रकार की अशांति उत्पन्न करने वाले तत्वों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

दूसरों गेट से नहीं मिलेगी एंट्री

आगंतुकों की सुविधा के लिए स्टेडियम में प्रवेश हेतु विभिन्न पासों पर गेट 1 से 6 तथा गैलरी गेट 2 से 8 तक का उल्लेख किया गया है। मेन गेट ए एलआईसी के सामने, सी एसबीआई के सामने, सी एचडीएफसी के बगल वाली गली, डी स्टेडियम के बगल में हनुमान मंदिर के पास, ई गौशाला पिंजरील की ओर प्रवेश हेतु हाईवे वाली सड़क से। सभी आगंतुक अपने पास पर अंकित प्रवेश द्वार की जानकारी पहले से देख लें तथा उसी के अनुरूप निर्धारित मुख्य द्वार पर पहुंचे। किस मुख्य द्वार से पास पर अंकित संबंधित गेट तक प्रवेश मिलेगा।

बाइक चोरी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



बाइक चोरी के मामले में पतासाजी करते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दो बाइक बरामद की है। इस मामले में आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 13 अक्टूबर को प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 11 अक्टूबर को सुबह 5 से 7 बजे के मध्य घटनास्थल उदयाचल रोड़ समता मंच के पास से उसकी बाइक को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस कायम कर जांच में लिया गया। इस मामले में पुलिस टीम ने अज्ञात आरोपी की पतासाजी के लिए घटनास्थल एवं उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा के फुटेज को खंगाला गया। फुटेज में मिले क्लू एवं मुखबीर की सूचना पर आरोपी घनश्याम जोशी 20 साल निवासी ग्राम भालूकोन्हा थाना घुमका हाल पता ट्रांसफार्मर के पास जयस्तंभ चौक को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया गया। जिसके कब्जे से चोरी गया बाइक एवं 8 अक्टूबर को एक टीव्हीएस पॉवर एक्सल बाइक को बरामद कर जब्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।





खबर संक्षेप

सेवा पंडाल में पदयात्रियों का रेला

राजनांदगांव। राजनांदगांव में मां बम्लेश्वरी पदयात्री संयुक्त सेवा पंडाल बागेश्वर धाम के पंकज गुप्ता, सौरभ खंडेलवाल, निकुंज अग्रवाल, मयंक कृष्णा शर्मा, सूरज गुप्ता व संदेश जैन ने बताया कि आयोजन समिति के



अध्यक्ष भावेश अग्रवाल, महिला अध्यक्ष मधु खंडेलवाल के प्रयासों से निरंतर मां बम्लेश्वरी देवी पदयात्रियों की सेवा में समर्पित संस्कार सेवा नवरात्र महोत्सव बागेश्वर धाम संयुक्त पदयात्री सेवा पंडाल में पदयात्रियों का अभिनंदन तिलक लगाकर एवं जय माता दी के उदघोष से स्वयंसेवक अभिनंदन कर रहे हैं। बिलासपुर से पधारे पदयात्रियों के समूह ने कहा इस स्वागत अभिनंदन से अभिभूत हैं। पदयात्रियों ने कहा कि ऐसा स्वागत किसी सेवा पंडाल में नहीं होता। यहां के अभिनंदन सेवाओं को नमन करते हैं। सेवा पंडाल में संस्कारों को जीवंत करते सुबह ब्रह्म मुहूर्त में उठने से लेकर रात्रि सोने तक की जानकारी उपस्थित पदयात्रियों को दी जा रही है। जिसकी प्रशंसा पदयात्रियों करते नहीं थक रहे हैं। संयुक्त सेवा पंडाल की स्वागत प्रमुख प्रतिभा खंडेलवाल, आरती गुप्ता व प्रीति गुप्ता ने बताया कि नवरात्र पंचमी पर मां बम्लेश्वरी देवी दरबार का पुष्पों से भव्य श्रृंगार कल 15 अक्टूबर को दोपहर 3.30 बजे शाकंभरी माता मंगल पाठ का भव्य आयोजन किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी महेश शर्मा ने दी।

लोकेश ने किया 31वां रक्तदान

राजनांदगांव। राजनांदगांव बनेगा रक्तवीरों का शहर के संकल्प को आगे बढ़ाते रक्तवीर लोकेश बारापात्रे ने दीक्षा बारापात्रे के जन्मदिन अवसर पर



31वां रक्तदान किया। उन्होंने जिला अस्पताल में भर्ती एक अनजान मरीज के लिए रक्तदान कर मानवता और सामाजिक सेवा का संदेश दिया। दीक्षा का ब्लड ग्रुप O+ है। वह भी निरंतर रक्तदान करते रहते हैं। लोकेश बारापात्रे ने समाज के युवाओं एवं नागरिकों से अपील करते कहा कि जन्मदिवस को केवल उत्सव तक सीमित न रखें, बल्कि रक्तदान कर किसी जरूरतमंद की जीवन रक्षा में अपना अमूल्य योगदान दें।

मुरमुंदा में जस झांकी 19 को

मुरमुंदा। ग्राम में सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से बाजार चौंक में जय माँ जीवरानी नंदगाइहा जस झांकी परिवार ग्राम भोथी का कार्यक्रम 19 अक्टूबर को रखा गया है। सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति बाजार चौक में नवरात्र के मौके पर 44 ज्योत प्रज्जवलित किए गए हैं।

भूषण यादव का कार्यक्रम 16 को

पटेवा। इरईकला में 16 अक्टूबर को शीतला समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में शीतला मंदिर प्रांगण में भजन गायक भूषण यादव का कार्यक्रम रखा गया है। सरपंच ललित साहू ने आसपास के ग्रामीणों से शामिल होने की अपील की है।

45 सेवा पंडालों में निरंतर जारी है श्रद्धालुओं की सेवा

श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे स्वयंसेवी संगठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शारदीय नवरात्रि पर्व के अवसर पर मां बम्लेश्वरी देवी के दर्शन के लिए डोंगरगढ़ पहुंचने वाले श्रद्धालुओं एवं पदयात्रियों की सेवा के लिए जिला प्रशासन और विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं की गई है। नवरात्रि पर्व के प्रथम दिवस 11 अक्टूबर से विभिन्न मार्गों पर स्थापित 45 सेवा पंडालों में निरंतर सेवा कार्य संचालित किए जा रहे हैं। इन सेवा पंडालों में श्रद्धालुओं को निःशुल्क भोजन, स्वच्छ पेयजल, नाश्ता, चाय एवं प्राथमिक उपचार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही पदयात्रियों के विश्राम, अस्थायी शौचालय एवं स्वच्छता की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। मां बम्लेश्वरी देवी के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पैदल यात्रा कर डोंगरगढ़ पहुंच रहे हैं।

सेवा पंडालों का संचालन

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अंजोरा बाईपास रोड, देवादा भाटिया पेट्रोल पंप, टेडेसरा, इंदावानी रोड, सोमनी, मनकी, सुंदरा, पार्रीनाला, अग्रवाल पेट्रोल पंप के पास, रायपुर नाका, बागेश्वर मंदिर के पास, टेलीफोन एक्सचेंज के पास, बीएसएनएल टेलीफोन एक्सचेंज के पास, गौरी नगर मोड़ के पास, शिव मंदिर के पास रायपुर नाका, स्टेशन रोड, महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल, पुरानी सिविल लाइन, बजरंग व्यायाम शाला के पास, संगम चौक तुलसीपुर, नवागांव, बापूटोला, सुकुलदैहान, टेकारहर्री, भानपुरी स्कूल, मुसराकला, कुसमी, मांडीतराई, बेलगांव, मोहारा डोंगरगढ़, बोरतलाब, मुसराखुर्द, देवकट्टा, नंदई चौक, रानीतराई एवं सुरगी सहित विभिन्न स्थानों पर सेवा पंडाल संचालित किए जा रहे हैं।



पदयात्रियों को मिल रही सेवाएं

इन सेवा पंडालों में स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्य सेवा भाव से श्रद्धालुओं को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। सेवा कार्यों में मां बम्लेश्वरी सेवा समिति, जिला औद्योगिक संघ, विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों, जिला पत्रकार महासंघ, व्यापारिक संस्थाओं, छत्तीसगढ़ प्रगतिशील पत्रकार कल्याण संघ, ग्राम पंचायतों तथा स्वयंसेवी समितियों की सक्रिय भागीदारी है। सेवा पंडालों में दोनों समय भोजन, पेयजल एवं नाश्ते की व्यवस्था के साथ ही श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। लंबी दूरी की पैदल यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए विश्राम की व्यवस्था भी की गई है।

क्षीरपानी में 5 सेवा पंडाल

डोंगरगढ़ के क्षीरपानी प्रांगण में भी 5 सेवा पंडाल संचालित किए जा रहे हैं। यहां जय बाबा सिंह सेवा समिति रायपुर, मां बम्लेश्वरी सेवा समिति रायपुर, शिव शक्ति रायपुर, यादव समाज एवं अखिल भारतीय अग्रवाल समाज द्वारा श्रद्धालुओं की सेवा की जा रही है। इन पंडालों में भोजन, पेयजल, नाश्ता एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा सेवा पंडालों के सुचारू संचालन एवं व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। संबंधित अधिकारियों द्वारा स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित कर श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही है। पदयात्रियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को प्राथमिकता देते व्यवस्थाओं पर सतत निगरानी रखी जा रही है।

मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची को सही, अद्यतन एवं त्रुटिरहित करने 31 अक्टूबर तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत मतदाता सूची में दर्ज नाम, पता, आयु एवं अन्य विवरणों की जॉच के अलावा नागरिकों के नाम जोड़ने, नाम विलोपित करने तथा संशोधन करने का कार्य नियमानुसार मतदान केन्द्रों में की जा रही है। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधित कराने एवं विलोपित कराने महापौर मधुसूदन यादव ने नागरिकों से अपील की है।

महापौर श्री यादव ने अपील करते हुए कहा है कि 31 अक्टूबर तक विशेष अभियान के दौरान मतदान केन्द्रों में प्रत्येक बुधवार एवं गुरूवार को बुथ लेबल अधिकारी उपस्थित रहेंगे। जहॉ नागरिक मतदाता सूची में नाम जोड़वाने, संशोधित कराने एवं नाम विलोपित कराने आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। साथ ही वे युवक युवतियां जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है वे अपना नाम अनिवार्य रूप से मतदाता सूची में दर्ज कराये, ताकि वे विभिन्न चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। मतदाता सूची में अपना और अपने परिवार के सदस्यों का नाम की जॉच अवश्य करे, मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं होने या नाम पता व अन्य विवरणों में त्रुटि होने पर प्रक्रिया अनुसार आवेदन प्रस्तुत करें।महापौर श्री यादव ने नागरिकों से अपील करते हुये कहा है कि 31 अक्टूबर तक चलने वाले इस विशेष अभियान में सहभागिता निभाकर मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन बनाने में सहयोग करें।



अग्रवाल समाज द्वारा अग्रसेन जंयती पर कई आयोजन

शोभायात्रा में छलका जमकर उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

समयबद्ध आयोजन, समाज के हर वर्ग की उत्साहपूर्ण भागीदारी और धार्मिक आस्था के अद्भुत संगम के साथ अग्रसेन जयंती महोत्सव का भव्य समापन हुआ। अग्रवाल सभा, अग्रवाल नवयुवक मंडल एवं अग्रवाल महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित महोत्सव के सभी कार्यक्रम निर्धारित समय पर संपन्न हुए। बच्चों, युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठजनों की पूरे उत्साह के साथ उपस्थिति ने आयोजन को पारिवारिक एकता और सामाजिक संगठन की मिसाल बना दिया।

मुख्य समारोह में जहां प्रतिभाओं, वरिष्ठजनों और स्वर्णिम वैवाहिक जीवन का सम्मान किया गया, वहीं भगवान श्री अग्रसेन जी की भव्य शोभायात्रा ने नगर में धार्मिक उल्लास का वातावरण निर्मित किया। शोभायात्रा के दौरान गंगा आरती की तर्ज पर की गई भगवान अग्रसेन जी की भव्य आरती आकर्षण का



प्रमुख केंद्र रही, जिसकी आम नागरिकों ने सराहना की।श्री अग्रसेन भवन में आयोजित मुख्य समारोह में समाज के सभी वर्गों की उल्लेखनीय भागीदारी रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अशोक मोदी, कोरबा, समारोह अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि सुधीर बंसल ने अपने उद्बोधन में सामाजिक एकता, संगठन, संस्कार और समाज के विकास के महत्व पर विचार रखे।

वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान

समारोह में सामाजिक योगदान के लिए वरिष्ठ सदस्य जयप्रकाश अग्रवाल, शरद अग्रवाल, संतोष सिंघल एवं रमेश चंद अग्रवाल का सम्मान किया गया। वैवाहिक जीवन की स्वर्ण वर्षगांठ पूर्ण करने वाले श्रीमती लक्ष्मी देवी एवं मुरारीलाल अग्रवाल को भी सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान कर उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित किया गया। एक ही मंच पर वरिष्ठजनों के अनुभव, दांपत्य जीवन की उपलब्धि और विद्यार्थियों की सफलता का सम्मान समाज की समृद्ध परंपराओं और पीढ़ियों के बीच मजबूत होते संबंधों का प्रतीक बना। शोभायात्रा के मध्य भगवान श्री अग्रसेन जी की गंगा आरती की तर्ज पर भव्य आरती की गई। आरती का भव्य स्वरूप और भक्तिमय वातावरण श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। आम नागरिकों ने भी इस आयोजन की सराहना की। आरती के माध्यम से धार्मिक आस्था, भक्ति और सामाजिक एकजुटता का भाव प्रभावी रूप से सामने आया।

योजनाओं की प्रशंसा

मुख्य अतिथि श्री मोदी ने भगवान श्री अग्रसेन जी के समाजवाद की शिक्षा को अमल में लाने , समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आपसी सामंजस्य के साथ एक दूसरे के सुख दुख के साथी बनकर नए युवा बच्चों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के साथ ही उनकी शिक्षा की समुचित व्यवस्था करने का आव्हान किया। समारोह अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने राजनांदगांव अग्रवाल समाज द्वारा संचालित योजनाओं की खुलकर प्रशंसा की ।

दाम सत्याग्रह तेज करने प्रदेश किसान संघ ने बनाई रणनीति



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

समर्थन मूल्य बढ़ोत्तरी का लाभ देते इस साल 3358 रुपए प्रति क्विंटल में धान खरीदी करने पिछले दो साल की अंतर की राशि क्रमशः 117 रुपए एवं 186 रुपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान, राजीव गांधी किसान न्याय योजना की बकाया चौथी किस्त का भुगतान एवं समर्थन मूल्य गारंटी कानून पास करने की मांग का लेकर चलाए जा रहे दाम-सत्याग्रह को तेज करने प्रदेश किसान संघ ने रणनीति बनाई। उल्लेखनीय है कि 5 अक्टूबर को

राजधानी में दाम-सत्याग्रह अंतर्गत मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा गया था। दाम सत्याग्रह की पांच मागों के अलावा तेरह सूत्रीय मांगों में से एक मांग हिस्सेदारों के एग्रीस्टैक पजीयन की अनिवार्यता खत्म करना समेत अन्य मांग को लेकर भी सघर्ष तेज करने का निर्णय लिया गया।

सभी जिलों में प्रदर्शन

33 जिलों में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपने की रणनीति बनाई गई है। इन्हें प्रभावी बनाने किसान बइठका, किसान पंचायत, बाजार बइठका, नुक्कड़-सभा, पर्चा वितरण, लाउड स्पीकर से प्रचार आदि का सहारा लिया जाएगा। दाम-सत्याग्रह अंतर्गत प्रदेशव्यापी यात्रा विभिन्न चरणों में आयोजित होगी। जिसमें प्रमुख केन्द्रों में किसान सभा आयोजित कर आम किसानों, नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों को पर्ची वितरण व ज्ञापन सौंपने की कार्रवाई की जाएगी। अगले चरण में प्रदेश के विभिन्नं अचल से राजधानी की ओर पदयात्राएं की जाएगी। समीक्षा एवं रणनीति बैठक में प्रतिनिधियों ने विचार रखे। धमधा से किसान बंधु संगठन प्रमुख बाबा टेकसिंह चंदेल, लक्ष्मी पटेल बागबाहरा महासमुंद, पारसनाथ साहू आंरग, रामसतू सिन्हा झलमला बालोद सहित सुदेश टीकम, मोतीलाल सिन्हा, रमाकात, मदन साहू, देवलाल साहू, चंदू साहू, मदन मोहन, साधूराम, उमेश वर्मा, वीरेन्द्र उके, पुनू पटेल, आवधेश, अजय वर्मा ने अपने विचार रखे।



सड़क की ढलान काटकर गाड़ दिए बिजली के खंभे, हादसे को न्योता



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगांव से पिपनकापार मार्ग पर मटिया वार्ड के पास शिवनाथ नदी पुल की एप्रोच रोड पर बिजली लाइन विस्तार के नाम पर सड़क की सुरक्षा से खिलवाड़ का मामला सामने आया है।

विद्युत विभाग के ठेकेदार द्वारा सड़क के शोल्डर पर बिजली के खंभे गाड़ने के लिए सड़क की ढलान तक काट दी गई है। इससे पुल की एप्रोच रोड की मजबूती और सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त सड़क का निर्माण एशियन डेवलपमेंट बैंक एडीबी परियोजना के तहत लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया गया है।

सड़क अभी सुरक्षा गारंटी अवधि में बताई जा रही है। इसके बावजूद विद्युत लाइन बिछाने के दौरान सड़क के किनारे खुदाई कर ढलान को काट दिया गया।

सड़क की ढलान काटकर मिट्टी निकालने से बारिश के दौरान पानी के बहाव के साथ मिट्टी के कटाव का खतरा बढ़ गया है। इससे पुल की एप्रोच रोड कमजोर होकर धंस सकती है। वहीं सड़क के शोल्डर पर लगाए जा रहे बिजली के खंभे भी वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का कारण बन सकते हैं।

जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग

स्थानीय लोगों ने सड़क की खुदाई तत्काल बंद कराने, काटी गई ढलान को पूर्व स्थिति में लाने और सड़क की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि विद्युत लाइन विस्तार जरूरी है, लेकिन इसके लिए करोड़ों की लागत से बनी सड़क और पुल की सुरक्षा से समझौता नहीं किया जाना चाहिए। मामले में विद्युत विभाग के अधिकारियों और ठेकेदार की भूमिका की जांच कर जिम्मेदारी तय करने की मांग भी उठी है।

बिना अनुमति काम कराने का आरोप

मामले में एडीबी पीडब्ल्यूडी निर्माण एजेंसी की ओर से बताया गया कि सड़क अभी सुरक्षा गारंटी में है। बिजली के खंभे सड़क के साइड शोल्डर और ड्रेनेज से बाहर लगाए जाने चाहिए। विभाग का कहना है कि इस कार्य के लिए पीडब्ल्यूडी से अनुमति नहीं ली गई है।

जैविक खेती करने किसानों को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया



साल्हेवारा में बुधवार को जैविक कृषि कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह शामिल हुए। उन्होंने किसानों को जैविक खेती का महत्व एवं उपयोगिता बताकर जैविक खेती करने प्रोत्साहित किया।

उन्होंने कहा कि कृषक जैविक कृषि पद्धति से उत्पादन कर लागत कम का बड़ा लाभ उठा सकते हैं। जैविक खाद के उपयोग से कृषि भूमि की उत्पादन क्षमता लम्बे समय तक बरकरार रहेगी। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने भी जैविक कृषि के फायदे को गिना कर कृषि भूमि की उर्वरता को बनाये रखने की अपील किया।

ग्रामीणों से मुलाकात

इससे पूर्व श्री सिंह ने ग्राम गहिराटोला का दौरा किया। उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर समस्याओं एवं मांग की जानकारी लेकर निराकरण का आश्वासन दिया। श्री सिंह ने ग्रामीणों को केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर लाभ उठाने प्रेरित किया। इस दौरान नर्मदा मंडल अध्यक्ष आनंद पटेल, भीखू हिरवानी, आनंद सिन्हा, संतन साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष बालकिशन जंघेल, माखन जंघेल, बल्लू जंघेल, रामप्रसाद, रामप्रसाद मेरावी, अमरपाल सहित अन्य उपस्थिति रहे।

अव्यवस्थित यातायात और बदहाल मार्गों से बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए पहुंच रहे श्रद्धालुओं को अव्यवस्थित यातायात और बदहाल मार्गों के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रमुख मार्गों पर कुछ दुकानदारों ने अपनी दुकान को फैला लिया है जिससे आवागमन के लिए उपलब्ध जगह कम हो गई है।

- श्रद्धालुओं को हो रही काफी दिक्कतें

उल्लेखनीय है कि नवरात्रि के कारण शहर में लोगों की आवाजाही बढ़ गई है। ऐसे समय में मुख्य मार्गों पर सामानों को फैलाकर रखना यातायात को बाधित कर रहा है। पर्याप्त जगह नहीं मिलने से पैदल यात्रियों को वाहनों के बीच से गुजरना पड़ रहा है जिससे दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। लोगों ने नगर पालिका से प्रमुख मार्गों का निरीक्षण कर बाधा को दूर करने और दुकानदारों को निर्धारित सीमा में कारोबार करने निर्देशित करने की मांग की है ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम रास्ता मिल सके।

उखड़ने लगी सड़क

रेलवे स्टेशन से कालकापारा मार्ग की हालत चर्चा में है। कुछ महीने पहले निर्मित सड़क उखड़ने लगी है। वर्तमान में मार्ग की बदहाल स्थिति से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। नवरात्रि के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने को देखते हुए यातायात सुचारु रखना और पैदल यात्रियों की सुरक्षा करना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

नवरात्रि मेले में झूलों की टिकिट में वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नवरात्रि मेले में लोगों के मनोरंजन के लिए झूलों की टिकट दर में भारी वृद्धि कर दिया है। जो टिकट पहले 20 रूपए में मिलती थी उसके लिए अब 50 रूपए देना पड़ रहा है। भारी भरकम वृद्धि से लोगों में नाराजगी और बच्चों में निराशा देखी जा रही है। उल्लेखनीय है कि नवरात्र के दौरान मेला में मीनाबाजार लगता है जिसमें प्रमुख आकर्षण झूले होते है। बड़ी संख्या में बच्चे झूलों को आनंद लेने आते है किन्तु इस साल में झूले की टिकट दर में ढाई गुना वृद्धि कर दिया गया है। यह वृद्धि पालकों की जेब पर भारी पड़ रही है। 20 रुपए वाली टिकट को बढ़ाकर सीधे 50 रुपए कर दिया गया है जिससे बच्चों के साथ मेला आने वाले परिवारों का खर्च बढ़ गया है।

- टिकिट में भारी भरकम वृद्धि से लोगों में नाराजगी
- बच्चों में भी देखी जा रही निराशा





सेवा सेतु शिविरों में पीएम सूर्य घर हितग्राहियों का सम्मान



मोहला। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को ग्रामीणों तक पहुंचाने और स्वच्छ ऊर्जा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सेवा संकल्प अभियान 2026 के तहत मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में सेवा सेतु शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम वासड़ी, दिघवाड़ी एवं मोहभट्ठा में आयोजित सेवा सेतु शिविरों में कलेक्टर तनुजा सलाम एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को पीएम सूर्य घर योजना, मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत अभियान एवं मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना की जानकारी प्रदान कर उन्हें योजनाओं से जोड़ने तथा विद्युत सेवाओं के प्रति जागरूक करने का प्रभावी प्रयास किया जा रहा है।

डुमरटोला से सूर्यरथ को मिली हरी झंडी

ग्राम डुमरटोला में आयोजित सेवा सेतु शिविर के दौरान प्रधानमंत्री सूर्य घर, मुफ्त बिजली योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जन-जागरूकता के उद्देश्य से सूर्य रथ का विधिवत शुभारंभ किया गया। अपर कलेक्टर मिथलेश ढोंडे, डिप्टी कलेक्टर सुभांगी गुप्ता, जनप्रतिनिधि दिलीप वर्मा, जनपद अध्यक्ष गैंद कुंवर ठाकुर एवं अन्य जनपद सदस्यों ने हरी झंडी दिखाकर सूर्य रथ को रवाना किया। वासड़ी, दिघवाड़ी, डुमरटोला एवं मोहभट्ठा में आयोजित सेवा सेतु शिविरों में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। शिविरों में ग्रामीणों को रूफटॉप सोलर अपनाने के लाभ, बिजली की बचत तथा स्वच्छ और हरित ऊर्जा के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया।




15 अक्टूबर
जीवेत शरदः शतम्
छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं
वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष माननीय
डॉ. रमन सिंह जी
को जन्मदिवस पर
बधाई एवं
मंगलकामनाएँ
विनीत - समस्त भाजपा कार्यकर्ता, राजनांदगांव

अतिरिक्त कक्ष का किया भूमिपूजन, बाउंड्रीवॉल व बालिका शौचालय के लिए घोषणा की

विजय शर्मा ने लोहारा कॉलेज को दी 50 लाख के विकास की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ स/लोहारा

विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने और उच्च शिक्षा के लिए अधोसंरचना मजबूत करने की दिशा में उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने शासकीय गजानंद माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा में 30 लाख रूपए की लागत से बनने वाले अतिरिक्त कक्ष का भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय में 15 लाख रूपए की लागत से बाउंड्रीवॉल तथा 5 लाख रूपए की लागत से बालिका शौचालय निर्माण कराने की घोषणा की। महाविद्यालय में आयोजित युवा शक्ति संवाद कार्यक्रम में उन्होंने विद्यार्थियों से सीधा संवाद कर उन्हें अनुशासन, मेहनत और आधुनिक तकनीक के उपयोग से भविष्य संवारने के लिए प्रेरित किया।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि युवा अपने लक्ष्य तय करें, अनुशासन में रहें और परिणाम की चिंता छोड़ मेहनत पर ध्यान दें। आधुनिक तकनीक सीखें, लेकिन उसके अधीन न हों। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने युवा शक्ति संवाद में विद्यार्थियों को यह संदेश दिया।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कॉलेज करियर बनाने का महत्वपूर्ण केंद्र है। विद्यार्थियों को अनुशासन, मेहनत और स्पष्ट लक्ष्य के साथ आगे बढ़ना चाहिए। श्री शर्मा ने बताया कि कवर्धा क्षेत्र के स्कूलों में डिजिटल बोर्ड लगाए जा रहे हैं। अब महाविद्यालयों में भी डिजिटल बोर्ड के माध्यम से पीएससी, एसएससी और यूपीएससी सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की ऑनलाइन कोचिंग उपलब्ध कराने की दिशा में काम किया जाएगा।

आधुनिक शिक्षा के साथ अपना ज्ञान और कौशल बढ़ाना जरूरी



तकनीक और नवाचार पर बात करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के युवाओं को आधुनिक एआई टूल्स जैसे चौटजीपीटी, क्लॉड, परप्लेक्सिटी और सोशल मीडिया की तकनीकी समझ होनी चाहिए। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे इन तकनीकों का सही उपयोग कर इनका मास्टर बनें, न कि तकनीक को खुद का मास्टर बनने दें। आधुनिक तकनीक की समझ के साथ अपना ज्ञान और कौशल बढ़ाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि मेहनत और तैयारी हमारे हाथ में हैं, इसलिए परिणाम की चिंता करने के बजाय प्रयासों पर ध्यान देना चाहिए। निरंतर अभ्यास, अनुशासन और धैर्य से ही सफलता का रास्ता बनता है। उन्होंने महाविद्यालय को विद्यार्थियों का अपना संस्थान बताते हुए कहा कि जिस तरह दीपावली पर हम अपने घर को संवारते हैं, उसी तरह विद्यार्थियों और शिक्षकों को मिलकर कॉलेज को बेहतर बनाने में योगदान देना चाहिए।

गरबा गुंजन महोत्सव का शुभारंभ गरबा की धुन पर झूमे प्रतिभागी

- विधायक भावना बोहरा ने की माता रानी की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

नवरात्रि के पावन अवसर पर स्वर्णा लेडीज ग्रुप पंडरिया द्वारा आयोजित तीन दिवसीय गरबा गुंजन महोत्सव-2026 का 12 अक्टूबर को अत्यंत उत्साह और भक्तिमय वातावरण में भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने माता रानी की पूजा-अर्चना व आरती कर क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि और सर्वमंगल की कामना की।

तत्पश्चात उन्होंने गरबा की मधुर धुनों पर प्रतिभागियों के साथ स्वयं ताल से ताल मिलाते हुए गरबा नृत्य का आनंद लिया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक भावना बोहरा ने कहा ऐसे सांस्कृतिक आयोजन हमारी समृद्ध परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के साथ-साथ समाज में आपसी प्रेम, एकता और सौहार्द की भावना को मजबूत करते हैं।

नवरात्रि का यह पावन पर्व शक्ति की आराधना और अपनी जड़ों से जुड़ने का एक विशेष अवसर है। स्वर्णा लेडीज ग्रुप की अध्यक्ष श्रीमती मीनू छाबड़ा एवं संयोजक श्रीमती उमा पाठक के नेतृत्व में यह महोत्सव लगातार चौथे वर्ष अपनी विशिष्ट पहचान बना रहा है। इस वर्ष महोत्सव में 150 से अधिक बालिकाओं एवं महिलाओं ने भाग लिया है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करना तथा भारतीय लोकनृत्य और संस्कृति को प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष श्रीमती मंजुला कुर्रे, मंडल अध्यक्ष रवीश ठाकुर सहित स्वर्णा लेडीज ग्रुप की समस्त सदस्याएं और बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थें।



आकर्षण का केंद्र बनीं प्रस्तुतियां और भव्य सजावट

पारंपरिक परिधान में रंग-बिरंगे पारंपरिक गुजराती व राजस्थानी परिधानों में सजे प्रतिभागियों ने अपनी शानदार और लयबद्ध प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस महोत्सव में विशेष प्रस्तुतियां आने वाले दिनों में महाआरती, गरबा प्रतियोगिताएं, भव्य झांकियां और विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा।

खबर संक्षेप

ग्रामीण क्षेत्र में हाइब्रिड धान की फसल पककर तैयार, कटाई शुरू



बरबसपुर। जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम नाऊडीह में हाइब्रिड धान की फसल पककर तैयार हो गई है। खेतों में धान की बालियां सुनहरी हो चुकी हैं और किसान फसल की कटाई में जुट गए हैं। कटाई के बाद धान फसल को एक जगह सुरक्षित रखने की तैयारी भी शुरू हो गई है। ग्राम नाऊडीह के किसान अजय वर्मा ने बरसात के मौसम में अपने 10 एकड़ खेत में हाइब्रिड धान की रोपाई की थी। अब उनकी फसल पककर तैयार हो चुकी है, क्षेत्र के अन्य किसान भी पकी हुई धान की कटाई मजदूरों के सहयोग से करा रहे हैं। किसानों का प्रयास है कि समय पर फसल की कटाई और मिंजाई पूरी कर धान को सुरक्षित रखा जा सके। किसानों को उम्मीद है कि धान खरीदी केंद्र शुरू होने के बाद वे अपनी उपज को समर्थन मूल्य पर बेच सकेंगे। हालांकि, धान खरीदी शुरू होने की तारीख और समय-सारणी की घोषणा का इंतजार है। ऐसे में कटाई के बाद धान को सुरक्षित रखने की चिंता भी किसानों को सता रही है।

कुंडा में सुनील सोनी का कार्यक्रम 16 को

- सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक भावना बोहरा एवं अध्यक्षता समाज सेवी सुरेन्द्र छाबड़ा होगें शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

शारदीय नवरात्रि एवं विजयादशमी के पावन पर्व के शुभ अवसर पर धर्मनगरी कुण्डा में नवरात्रि महोत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।



छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजक ग्राम पंचायत कुण्डा में नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम कुण्डा में 10 जगह पर मां दुर्गा विराजित हैं, वहीं दो स्थानों पर भैरव बाबा भी विराजमान हैं। इसी तारतम्य में आम जनता के मनोरंजन के लिए सुनील सोनी नाइट कार्यक्रम का आयोजन बस स्टैंड परिसर कुण्डा में 16 अक्टूबर शुक्रवार को रात्रि 9 बजे से रखा गया है। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध लोक गायक सुनील सोनी अपनी टीम के साथ भव्य प्रस्तुति देंगे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती भावना बोहरा व अध्यक्षता सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा पूर्व सरपंच करेंगे।



साथ ही साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती नंदनी साहू, रामकुमार भट्ट, श्रीमती राजेश्वरी महेन्द्र घृतलहरे, छत्र किशोर तिवारी, बालमुकुंद चंद्रवंशी, बाबूलाल रजक सुरज यादव साथ ही आयोजक हरेंद्र चन्द्राकर, मुमताज अहमद रमेश शर्मा एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत कुण्डा एवं समस्त ग्रामवासी द्वारा समस्त ग्रामवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

ग्राम नेवारीगुड़ा में 117 देवी-देवताओं की प्रतिमाएं विराजमान, भव्य सजावट बनी आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

प्रदेश भर में शारदीय नवरात्र को लेकर भक्तजनों में भारी भक्तिमय का माहौल बना हुआ है। वहीं भक्तजन दूर-दराज से माता रानी के दर्शन करने पहुंचे है। वहीं जिले के ग्राम नेवारीगुड़ा में पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक ही पंडाल में 117 देवी-देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। यहां आस्था, भक्ति और भव्यता का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है।

नवरात्रि पर्व के अवसर पर दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचकर एक साथ 117 देवी-देवताओं के दर्शन कर रहे हैं और अपने परिवार की सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम नेवारी गुड़ा में 117 देवी-देवताओं जिसमें छत्तीसगढ़ महतारी, भगवान श्रीरामलला, भगवान विष्णु के 10 अवतार, माता रानी मां दुर्गा के नौ स्वरूपों सहित प्रदेश के 36 प्रमुख देवी-देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं।

एक ही स्थान पर इतनी बड़ी संख्या में देवी-देवताओं के दर्शन का अवसर मिलने से श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।





भव्य पंडाल और आकर्षक सजावट भक्तजनों का मनमोह रहा

नेवारीगुड़ा में देवी-देवताओं की प्रतिमाओं के साथ भव्य पंडाल साथ ही साथ आकर्षक ढंग से साज-सज्जा तथा विशेष रोशनी और मनमोहक सजावट के कारण रात के समय पंडाल की सुंदरता और देखते ही बनती है। श्रद्धालु देवी-देवताओं के दर्शन करने के साथ ही पंडाल की भव्य सजावट देखने के लिए भी पहुंच रहे हैं। जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से सराबोर है।

26वीं राज्य स्तरीय स्पर्धा में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में आयोजित 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न मैदानों में ०हॉ ली बॉ ल , हैंडबॉल और सॉफ्टबॉल के मुकाबले खेले जा रहे हैं। अंडर-14 व्हॉलीबॉल के बालक-बालिका वर्ग के मैच पुलिस लाइन मैदान, अंडर-19 हैंडबॉल के मुकाबले स्वामी करपात्री जी स्टेडियम तथा अंडर-19 सॉफ्टबॉल के मैच छीरपानी मैदान में आयोजित हो रहे हैं। व्हॉलीबॉल बालिका वर्ग में सरगुजा ने दुर्ग, रायपुर और बिलासपुर को 2-0 से हराया, जबकि बस्तर ने बिलासपुर को 2-0 से शिकस्त दी। बिलासपुर ने दुर्ग को 2-1 से हराया। बालक वर्ग में बस्तर ने रायपुर, सरगुजा और दुर्ग को 2-0 से हराया। बिलासपुर ने दुर्ग को 2-1 तथा रायपुर ने बिलासपुर को 2-0 से पराजित किया। साथ ही सॉफ्टबॉल बालक वर्ग में दुर्ग ने बस्तर को 5-1 और रायपुर को 3-2 से हराया। बिलासपुर ने सरगुजा को 7-5 से तथा बस्तर ने रायपुर को 7-4 और सरगुजा को 2-0 से हराया। बालिका वर्ग में दुर्ग ने बिलासपुर को 10-0 और रायपुर को 6-5 से हराया, जबकि रायपुर ने बिलासपुर को 5-0 से पराजित किया। वहीं हैंडबॉल अंडर-19 बालिका वर्ग में सरगुजा ने रायपुर को 8-3, दुर्ग ने सरगुजा को 8-2 तथा बस्तर ने बिलासपुर को 9-5 और रायपुर को 10-5 से हराया। प्रतियोगिता में विभिन्न संभागों के खिलाड़ियों के बीच कड़े मुकाबले देखने को मिल रहे हैं।



धर्मराज साहू मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण से हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

शासकीय प्राथमिक शाला रुसे के प्रधान पाठक धर्मराज साहू को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण से सम्मानित किया गया। दुर्ग में आयोजित संभाग स्तरीय सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ शासन के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने उन्हें सम्मान प्रदान किया। इस उपलब्धि से शिक्षा जगत में हर्ष का माहौल है। धर्मराज साहू सरल स्वभाव और कर्मठ व्यक्तित्व के धनी हैं। वे पिछले 28 वर्षों से पूरी लगन, निष्ठा और समर्पण के साथ शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। विद्यालय के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ शाला प्रबंधन समिति को सक्रिय बनाने और विद्यालय की व्यवस्थाओं को बेहतर करने में उनका विशेष योगदान रहा है। वे अपनी शाला के अलावा संकुल की अन्य शालाओं में भी जाकर शाला प्रबंधन समितियों को मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करते रहे हैं।

रूसे-कापा सड़क का बुरा हाल जगह जगह बड़े-बड़े गड्ढे से राहगीर परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का हालबेहाल है, क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की भारी अनदेखी का खामियाजा ग्रामीणों व राहगीरों को भुगतनी पड़ रही है।

बताया जाता है कि ग्राम रूसे से कापा तक लगभग ढाई से तीन किलोमीटर लंबी सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे होने से आवागमन बाधित हो रहा है।

यहां बताना लाजिमी होगा कि स्थिति यह है कि सड़क से डामर पूरी तरह उखड़ चुका है, जिससे राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की बदहाल स्थिति के कारण दोपहिया सहित चारपहिया वाहन चालकों को भी आवाजाही करने में दिक्कत हो रही है। कई स्थानों पर सड़क इतनी खराब हो चुकी है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। गड्ढों और कटाव के चलते दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इसके बावजूद क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व जिम्मेदारों द्वारा सड़क की मरम्मत को लेकर गंभीर नजर नही आ रहे है।

मरम्मत कार्य व नवीनीकरण की मांग

ग्रामीणों की मांग है कि शासन-प्रशासन सड़क की वर्तमान स्थिति का निरीक्षण कर जल्द आवश्यक कदम उठाए। यदि सड़क की मरम्मत की अवधि है, तो तत्काल मरम्मत कार्य कराया जाए। वहीं यदि सड़क की मरम्मत की अवधि समाप्त हो चुकी है या सड़क पूरी तरह से पुनर्निर्माण योग्य है, तो नई सड़क के निर्माण के लिए आवश्यक राशि स्वीकृत कराई जाए।

न्यायालय-अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण जिला (कबीरधाम) छ.ग.

मो.दु. दावा प्रकरण क्रमांक-01/2025
पेशी तारीख 26.10.2026
प्रोसेस नंबर - 233/2026

सोनल पटेल----------आवेदक

विरूद्ध

प्रफुल्ल यदु वगैर----------अनावेदकगण

बनामः 01. श्रीमती राजेश्वर निषाद पति स्व. श्री पूरन निषाद,
02. कु. नीलम निषाद पिता स्व. श्री पूरन निषाद,
03. कु. नंदनी निषाद स्व. श्री पूरन निषाद,

क्रमांक- 02 व 03 की ओर से संरक्षिका श्रीमती राजेश्वरी निषाद पति स्व. श्री पूरन निषाद, उपरोक्त सभी निवासी वार्ड नम्बर-15 टिकरी पारा छुईखदान, थाना छुईखदान, जिला के.सी.जी. छ.ग.

क्योंकि आवेदक ने आपके खिलाफ दुर्घटना दावा क्षतिपूर्ति हेतु आवेदन अंतर्गत धारा 166 मोटर यान अधिनियम 1988 के तहत इस न्यायालय में पेश किया है। आपको इस समंस के जरिए हुक्म होता है कि आप इस अदालत में तारीख 26.10.2026 को दिन के 11.00 बजे खुद या ऐसे वकील मार्फत जिसे कि मुकदमें की बातें ठीक ठीक तौर से समझा दी गई हो और जो कि इस मामले के बारे में कुछ जरूरी सवालात का जवाब दे सके (या जिसके साथ ऐसा आदमी मौजूद हो जो कि ऐसे सवालात का जवाब दें सके) मामले का जवाब देने के लिए हाजिर हो जाओ ।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नही होगें तो मामले की सुनवाई और उसका अवधारणा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

आज तारीख 13/10/26 को इस अदालत की मोहर से जारी किया गया ।

मुहर

(गितेश कुमार कौशिक)
अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण
जिला- कबीरधाम छ.ग.

मां हिंगलाज के दरबार में नितेश अग्रवाल ने की पूजा अर्चना

51 कन्याओं की सामूहिक आरती



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सुतियापाठ की वनांचल पहाड़ी पर स्थित मां हिंगलाज (सुतियापाठ महारानी) के पावन दरबार में आस्था, श्रद्धा और सनातन संस्कृति की दिव्य परंपरा को साकार करते हुए 51 कन्याओं का विधि-विधान से पूजन किया गया।

इस अवसर पर जिला महामंत्री नितेश अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थें, उन्होंने मां सुतियापाठ महारानी के दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की तथा छोटी-छोटी कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप मानकर उनके चरण पखारे, विधिवत पूजन किया और श्रृंगार कर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम में 51 कन्याओं को श्रद्धापूर्वक कन्या भोज कराया गया। इसके पश्चात ग्रामीणजनों एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति में मां भगवती की भव्य सामूहिक आरती की गई तथा सभी को पान-प्रसाद वितरित किया गया।

पूरा वातावरण भक्तिमय जयकारों और मां के जयघोष से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम में लाला राम साहू, जलेश्वर वर्मा, रेकचंद पटेल, मंदिर समिति अध्यक्ष पूसलाल साहू, भुखन साहू, अघन साहू, बालू जंघेल, गिरवर साहू, रीना ठाकुर सहित मंदिर समिति के समस्त सदस्य, भाजपा के कार्यकर्ता बंधु, बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीणजन उपस्थित थें।

धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन हमारी परंपराओं को जीवंत बनाए

नितेश अग्रवाल ने कहा कि कन्या पूजन हमारी सनातन संस्कृति की पवित्र परंपरा है। छोटी-छोटी कन्याओं में मां दुर्गा का स्वरूप देखकर उनकी पूजा करना नारी शक्ति के प्रति हमारी श्रद्धा, सम्मान और संस्कारों का प्रतीक है। मां सुतियापाठ महारानी का आशीर्वाद क्षेत्र के प्रत्येक परिवार पर बना रहे तथा सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आए, यही मेरी प्रार्थना है। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन हमारी परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के साथ-साथ समाज में श्रद्धा, सद्भाव और एकजुटता की भावना को भी मजबूत करते हैं। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और संस्कारों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।



खबर संक्षेप

युवा रत्न सम्मान योजना के आवेदन 30 तक

कवर्धा। राज्य शासन द्वारा प्रदेश के युवाओं एवं स्वैच्छिक संगठनों द्वारा सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, शैक्षणिक, खेल तथा अन्य विविध क्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट कार्यों को प्रोत्साहित करने एवं उन्हें राज्य स्तर पर मान्यता प्रदान करने के उद्देश्य से युवा रत्न सम्मान योजना संचालित किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष एक स्वैच्छिक संगठन तथा 14 विभिन्न क्षेत्रों में एक-एक उत्कृष्ट युवा को सम्मानित किये जाने का प्रावधान है। चयनित स्वैच्छिक संगठन को पदक, झाल, प्रशस्ति, प्रमाण-पत्र एवं सम्मान स्वरूप 5 लाख की राशि प्रदान की जाती है।

एसआईआर और वोट चोरी को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन, सीईसी का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम ने शहर में पैदल मार्च निकालकर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवीन जायसवाल के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने प्रतीकात्मक पुतले को हथकड़ी पहनाकर चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग उठाई। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस्तीफे तथा मुख्य निर्वाचन आयुक्त के विरुद्ध कार्रवाई की मांग भी की। कांग्रेस भवन से शुरू हुआ पैदल मार्च शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल तक पहुंचा। यहां कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि लोकतंत्र में मतदाता सूची की शुद्धता, चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता और संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता सर्वोपरि है।

इन विषयों पर उठ रहे सवालों का समाधान पारदर्शी तरीके से किया जाना चाहिए। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि देश में किसान, युवा और आम नागरिक महंगाई सहित अनेक समस्याओं से जूझ रहे हैं, लेकिन सरकार जनता की परेशानियों और विरोध को नजरअंदाज कर रही है। आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों से आम परिवारों का बजट प्रभावित हो रहा है। उन्होंने विकास एवं निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार के आरोपों पर भी सरकार से जवाब मांगा।

जायसवाल ने सवाल उठाया कि केंद्र और भाजपा शासित राज्यों की सरकारों को लगातार जनविरोधी फैसले लेने का आत्मविश्वास आखिर कहां से मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चुनावी प्रक्रिया से जुड़े निर्णयों, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर सवाल उठा रही है। उनका कहना था कि लोकतंत्र में निर्वाचन आयोग की स्वतंत्रता और निष्पक्षता पर जनता का भरोसा कायम रहना जरूरी है। यदि चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठते हैं, तो आयोग को तथ्यों के साथ स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।



निष्पक्ष जांच और पारदर्शिता की मांग

राष्ट्रीय महासचिव महिला कांग्रेस ममता चंद्राकर ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया से जुड़े सभी निर्णयों में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित होनी चाहिए। वहीं, पूर्व अध्यक्ष होरीराम साहू ने कहा कि जनता का मताधिकार लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक प्रत्याशी नीलू चंद्रवंशी ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस लंबे समय से एसआईआर तथा चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर सवाल उठाते रहे हैं। उन्होंने निर्वाचन आयोग से सामने आए मुद्दों पर स्थिति स्पष्ट करने और निष्पक्ष जांच की आवश्यकता जताई।

निर्वाचन आयुक्तों की आपत्तियों से जुड़ी रिपोर्ट का किया उल्लेख

नवीन जायसवाल ने द इंडियन एक्सप्रेस की 25 सितंबर 2026 की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग की निर्णय प्रक्रिया को लेकर महत्वपूर्ण सवाल सामने आए हैं। उनके अनुसार, रिपोर्ट में निर्वाचन आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी द्वारा पिछले दस महीनों में आयोग के कुछ निर्णयों पर कम से कम 14 बार औपचारिक आपत्ति दर्ज किए जाने का उल्लेख है। रिपोर्ट में नए मतदाताओं के पंजीकरण, मतदाता सूची से नाम हटाने और मतदाता सूची से संबंधित आईटी प्रणाली के केंद्रीकरण जैसे मुद्दे भी शामिल बताए गए हैं। उन्होंने कहा कि संवैधानिक संस्था के भीतर निर्णय प्रक्रिया को लेकर आपत्तियां सामने आना गंभीर विषय है। मतदाता सूची की शुद्धता और चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता से जुड़े सवालों का जवाब पारदर्शिता एवं जवाबदेही के माध्यम से दिया जाना चाहिए।

भर्राशाही: पोलमी में संभाल रहे अधीक्षक और प्राचार्य की जिम्मेदारी

नियमों को ताक पर रखकर दिए एक शिक्षक को तीन पदों का प्रभार

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम जिले के शिक्षा विभाग और आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग में पदस्थापना और प्रभार व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। विकासखंड पंडरिया के पोलमी में पदस्थ एक शिक्षक को तीन महत्वपूर्ण पदों का प्रभार सौंपे जाने का मामला सामने आया है।

आरोप है कि शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद शिक्षक खेमराज जांगड़े को उनकी मूल पदस्थापना वाली शाला से लगभग 85 किलोमीटर दूर आवासीय विद्यालय और छात्रावास की जिम्मेदारी दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, खेमराज जांगड़े की मूल पदस्थापना कवर्धा विकासखंड अंतर्गत पूर्व माध्यमिक शाला झिरौनी में है। इसके बावजूद वे आदिम जाति तथा जनजाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित विशेष पिछड़ी जनजाति आवासीय विद्यालय, पोलमी में प्रभारी अधीक्षक और प्रभारी प्राचार्य के पद पर कार्यरत हैं।

इसके अलावा उन्हें पोलमी स्थित आदिवासी बालक छात्रावास के प्रभारी अधीक्षक की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। एक ही शिक्षक के पास तीन महत्वपूर्ण पदों का प्रभार होने से विभागीय व्यवस्था और मूल शाला में अध्यापन कार्य को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

आरोप है कि इस व्यवस्था के कारण मूल शाला में शिक्षण कार्य प्रभावित होने की आशंका है, वहीं दूरस्थ संस्थाओं में प्रभार सौंपने के औचित्य पर भी सवाल उठ रहे हैं।



विभागीय निर्देशों के पालन पर उठे सवाल

कार्यालय आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, नवा रायपुर द्वारा जारी पत्र क्रमांक 61862/2026 में दूरस्थ आवासीय संस्थाओं में अधीक्षक का प्रभार संभाल रहे शिक्षक संवर्ग के कर्मचारियों को कार्यमुक्त कर मूल शाला में अध्यापन कार्य के लिए भेजने के निर्देश दिए जाने की जानकारी सामने आई है। साथ ही छात्रावासों और आश्रमों के सुचारु संचालन के लिए संबंधित संस्था अथवा एक-दो किलोमीटर के दायरे में स्थित नजदीकी शालाओं के योग्य एवं इच्छुक शिक्षकों को प्रभार सौंपने का प्रस्ताव तैयार करने की बात कही गई है। इसी क्रम में जिला शिक्षा अधिकारी, कबीरधाम द्वारा 7 सितंबर 2026 को पत्र जारी कर तीन दिनों के भीतर ऐसे शिक्षकों की सूची मांगे जाने की जानकारी भी दी गई है, ताकि उन्हें मूल शाला के लिए कार्यमुक्त कर नजदीकी शालाओं के शिक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी जा सके।

कार्रवाई पर टिकी निगाहें

विभागीय निर्देशों के बावजूद संबंधित शिक्षक को तीनों प्रभारों से मुक्त किया गया है या नहीं, इस पर स्थिति स्पष्ट होना बाकी है। अब मामले में विभागीय अधिकारियों की भूमिका, उपस्थिति के अभिलेखों और प्रभार सौंपने संबंधी आदेशों की जांच की मांग उठ रही है। मामले में संबंधित अधिकारियों का पक्ष सामने आने तथा दस्तावेजों की जांच के बाद ही नियमों के उल्लंघन की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

ऑनलाइन उपस्थिति के नियमों पर सवाल

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, कबीरधाम द्वारा जारी आदेश क्रमांक स्था.-2/2026/7077 के अनुसार, शासन की विद्या समीक्षा केंद्र योजना के तहत शिक्षकों की वास्तविक समय में ऑनलाइन उपस्थिति की निगरानी की जा रही है। इसके अंतर्गत शिक्षकों को अपनी मूल पदस्थापना वाली शाला से ही उपस्थिति दर्ज करनी है। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार शत-प्रतिशत ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं होने पर संबंधित शिक्षक का वेतन आहरण प्रतिबंधित किए जाने का प्रावधान बताया गया है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि झिरौनी में मूल पदस्थापना होने के बावजूद पोलमी में तीन पदों की जिम्मेदारी संभाल रहे शिक्षक की उपस्थिति किस प्रकार दर्ज हो रही है और उनके वेतन आहरण की प्रक्रिया किस आधार पर संचालित हो रही है। हालांकि, इस संबंध में विभागीय पक्ष और वास्तविक अभिलेखों की पुष्टि होना बाकी है।

उप मुख्यमंत्री ने कवर्धा के देवी मंदिरों में की पूजा अर्चना

प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की

- मां विंध्यवासिनी मंदिर परिसर में निर्माण कार्यों की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने आज नवरात्रि के अवसर पर कबीरधाम जिले के विभिन्न देवी मंदिरों में दर्शन एवं पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और कल्याण की कामना की।

उन्होंने कवर्धा स्थित प्रसिद्ध मां महामाया मंदिर और मां विंध्यवासिनी मंदिर पहुंचकर माता रानी का आशीर्वाद लिया। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने सर्वप्रथम मां महामाया मंदिर पहुंचकर माता के दर्शन किए और विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात उन्होंने मां विंध्यवासिनी मंदिर में दर्शन कर प्रदेश एवं कबीरधाम जिले की सुख-शांति, समृद्धि और निरंतर प्रगति की कामना की।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मां विंध्यवासिनी मंदिर परिसर में निर्माणाधीन ज्योति कलश भवन का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने भवन निर्माण से जुड़ी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। ज्योति कलश भवन के निर्माण से मंदिर परिसर में धार्मिक आयोजनों और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के विस्तार में सहायता मिलेगी।

पांच जिलों से पहुंचेंगे सुरों के सितारे, कवर्धा में गूंजेगा स्वर संगम

हरिभूमि/कवर्धा। गोल्डन वॉयस इवेंट्स द्वारा आयोजित शहर के सबसे बड़े कराओके उत्सव स्वर संगम सीजन-1 - सुरों का जुनून, आवाज का जादू के आयोजन में अब मात्र 10 दिन शेष हैं और तैयारियों ने पूरी रफ्तार पकड़ ली है, आयोजक रश्मि केशरवानी, वीनू चावला, रमेश रावत, बलवीर सिंह और सुरेश झारिया ने बताया कि आयोजन को लेकर संगीत प्रेमियों में जबर्दस्त उत्साह है। कार्यक्रम को अंतिम रूप देने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है, अब तक कवर्धा सहित पंडरिया, लोरमी, तखतपुर, बिलासपुर एवं राजनांदगांव से 40 से अधिक प्रतिभागी पंजीयन करा चुके हैं, मुख्य अतिथि के नाम एवं अध्यक्षता एक-दो दिनों में तय कर लिए जाएंगे, वहीं विशेष आमंत्रित अतिथियों की लिस्टिंग के साथ-साथ कई सहयोगी एवं स्पॉन्सर्स भी आयोजन को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। सुरों की महफिल सजाने के लिए रसिक श्रोताओं तक आयोजन की सूचना पहुंचाई जा रही है। संचालक रमेश रावत ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे प्रतिभागी आसमां से उतरे सितारों की तरह चमकते नजर आएंगे और एक-एक कर उनकी प्रस्तुति से महफिल सुरों से सज उठेगी, जिससे सुबह से देर रात तक पूरा वातावरण गुंजायमान रहेगा और यह दृश्य इतिहास के पन्नों पर दर्ज हो जाएगा, जिसके लिए मंच को भव्य, साउंड को बेहतरीन तथा भोजन व अतिथि सत्कार को उत्तम बनाने की तैयारियां अंतिम चरण में हैं, यह आयोजन रविवार, 25 अक्टूबर को वीर सावरकर भवन में सुबह 10 से रात 10 बजे तक होगा।

कलेक्टर ने की समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारी की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने मंगलवार 13 अक्टूबर को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व, खाद्य एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य के तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कबीरधाम जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य को सफलतापूर्वक एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराने हेतु सभी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य को शासन के विशेष प्राथमिकता वाले एवं अत्यंत महत्वपूर्ण योजना बताया। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं त्रुटि बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक अग्रवाल अपर कलेक्टर नरेंद्र पैकरा सहित सभी एसडीएम, जिला खाद्य अधिकारी, तहसीलदार नायब तहसीलदारों के अलावा खाद्य, सहकारिता सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि धान खरीदी कार्य के अंतर्गत केवल वास्तविक किसानों के वास्तविक रकबे के आधार पर ही धान खरीदी की जाए। उन्होंने व्यापारियों, बिचौलियों एवं कोचिओ के माध्यम से धान की अवैध खरीदी एवं बिक्री की रोकथाम हेतु पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

बोड़ला में आज निकलेगी माता रानी की भव्य चुनरी यात्रा, तैयारी जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर धर्मनगरी बोड़ला में 15 अक्टूबर को माता रानी की भव्य चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। सर्व युवा मित्र परिवार बोड़ला के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं और युवाओं में खासा उत्साह है।



यात्रा में नगर की माताएं-बहनें, युवा, बुजुर्ग और धर्मप्रेमी नागरिक शामिल होकर माता रानी के प्रति अपनी श्रद्धा और भक्ति प्रकट करेंगे। आयोजन के दौरान माता रानी की चुनरी के साथ नगर भ्रमण किया जाएगा। धुमाल की भक्तिमय धुनों और माता रानी के जयकारों के बीच निकलने वाली इस यात्रा से पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में सराबोर होगा। श्रद्धालु मां दुर्गा की आराधना करते हुए सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करेंगे।

नवरात्रि का पर्व शक्ति की उपासना, आस्था और भक्ति का प्रतीक है। इन नौ दिनों में श्रद्धालु विधि-विधान से माता रानी की पूजा-अर्चना कर परिवार और समाज की मंगलकामना करते हैं। इसी धार्मिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए बोड़ला में चुनरी यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा नगरवासियों के लिए आस्था और सामूहिक सहभागिता का विशेष अवसर बनेगी।

3 वारंटियों के खिलाफ जिला पुलिस प्रशासन ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले में लंबित न्यायालयीन वारंटों की तामीली के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में सहसपुर लोहारा और कवर्धा थाना पुलिस ने तीन वारंटियों की पतासाजी कर उनके खिलाफ जारी वारंट तामील किए।



इसके बाद संबंधित वारंटियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। सहसपुर लोहारा पुलिस ने ग्राम धर्मगढ़ निवासी घसतीन आयु 45 वर्ष पिता मंगलू और ग्राम रणवीरपुर निवासी चोतुराम पटेल आयु 50 वर्ष पिता बालूराम के खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंटों की तामीली की। वहीं, कवर्धा थाना पुलिस ने ग्राम मजगांव निवासी जगेशर कुर्रे उर्फ राजू आयु 32 वर्ष पिता चतुर कुर्रे के खिलाफ जारी स्थाई गिरफ्तारी वारंट तामील किया। लंबित वारंटों की तामीली के लिए अभियान कबीरधाम पुलिस द्वारा न्यायालयीन प्रकरणों में लंबित वारंटों की तामीली को प्राथमिकता दी जा रही है। पुलिस का कहना है कि इस कार्रवाई से न्यायालय के आदेशों का पालन सुनिश्चित करने और संबंधित व्यक्तियों की न्यायालय में उपस्थिति दर्ज कराने में मदद मिलती है। जिले में लंबित वारंटों की तामीली के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड अंतर्गत 20 ग्रामों के ग्रामीण प्रशिक्षित

वन अधिकार दावा प्रक्रिया व आवश्यक दस्तावेजों पर प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

शिखर युवा मंच एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड अंतर्गत 20 ग्रामों में व्यक्तिगत वन अधिकार एवं सामुदायिक वन अधिकार दावा प्रपत्र भरने की विधि, प्रक्रिया तथा आवश्यक संलग्न दस्तावेजों की जानकारी प्रदान करने हेतु वन अधिकार समितियों एवं ग्रामसभा के सदस्यों के साथ ग्रामवार प्रशिक्षण आयोजित किए गए।

ये प्रशिक्षण शिखर युवा मंच के संस्था प्रमुख भूपेश वैष्णव के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुए। प्रशिक्षण कार्यक्रम खड़ौदा खुर्द, दुर्जनपुर, भरतपुर, कुकरापानी, धुमाछापर, लरबक्की, जामपानी, कोटनापानी, लीलादादर, लब्दा, बोदा, कुरुलुपानी, जोंकपानी, गांगचुवा, छुईहा, मुड़घुसरी, कोमो, बांटीपथरा, राली एवं छुही ग्रामों में आयोजित किए गए। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को व्यक्तिगत एवं सामुदायिक वन अधिकार के दावा प्रपत्र भरने की सही प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों के संकलन तथा दावों को नियमानुसार तैयार करने के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही, वन अधिकार समितियों एवं ग्रामसभा के सदस्यों की भूमिका, दावा प्रक्रिया में आवश्यक सावधानियों तथा पात्र वनवासियों के अधिकारों को सुनिश्चित करने के महत्व पर चर्चा की गई।

इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के सफल आयोजन में शिखर युवा मंच की टीम की सक्रिय सहभागिता रही। संस्था प्रमुख भूपेश वैष्णव के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में टीम ने ग्राम स्तर पर वन अधिकार समितियों एवं ग्रामसभा के सदस्यों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए प्रशिक्षण गतिविधियों को संपन्न कराया।

इस पहल का उद्देश्य ग्रामसभा एवं वन अधिकार समितियों की क्षमता को सुदृढ़ करना, वन अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा पात्र हितग्राहियों को उनके अधिकारों की प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करना है।

संस्था प्रमुख ने दिया वनवासियों के अधिकारों का संदेश



वन अधिकार आदिवासी एवं परंपरागत वनवासियों के अधिकारों, आजीविका और सम्मान से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। सही जानकारी, आवश्यक दस्तावेजों और निर्धारित प्रक्रिया की समझ से ग्रामसभा एवं वन अधिकार समितियां इन अधिकारों को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। शिखर युवा मंच समुदायों की क्षमता मजबूत करने और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

भूनेश्वर हिरेन्द्रवार बने अखिल भारतीय गढ़वाल समाज कवर्धा मंडल के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

अखिल भारतीय गढ़वाल समाज मंडल ने संगठन विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए समाजसेवी भूनेश्वर हिरेन्द्रवार को कवर्धा मंडल का नया अध्यक्ष मनोनीत किया है।

ग्राम बिरकोना, धरमपुरा एवं कवर्धा समाज के वरिष्ठजनों, महिलाओं और युवाओं की उपस्थिति में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से उनके नाम पर सहमति बनी। मनोनयन की घोषणा होते ही समाजजनों में हर्ष का माहौल रहा और उपस्थित लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। भूनेश्वर हिरेन्द्रवार लंबे समय से गढ़वाल समाज की गतिविधियों से जुड़े हुए हैं। समाजसेवा, आपसी सहयोग और संगठन को मजबूत बनाने के प्रति उनकी सक्रियता को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

समाज के वरिष्ठजनों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में कवर्धा मंडल में संगठनात्मक गतिविधियों को गति मिलेगी तथा समाज के लोगों को एकजुट करने के लिए नए प्रयास किए जाएंगे। नवनियुक्त अध्यक्ष भूनेश्वर हिरेन्द्रवार ने मनोनयन पर महासभा के शीर्ष नेतृत्व एवं समस्त समाजजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष पद उनके लिए सम्मान के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। वे समाज के अंतिम व्यक्ति तक संगठन की पहुंच सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे। शिक्षा, संस्कार, एकता और सहयोग को प्राथमिकता देते हुए मंडल को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने युवाओं से समाज की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने का भी आह्वान किया। कवर्धा मंडल के चुनाव में महासभा की ओर से पर्यवेक्षक के रूप में उपाध्यक्ष गोपाल बिष्ट, सहसचिव संतोष अर्जुनवार, प्रवक्ता अमर हिरेन्द्रवार तथा युवा प्रकोष्ठ महासभा के अध्यक्ष राहुल शिववंशी उपस्थित रहे। इसके अलावा वरिष्ठजनों में भूमिदानकर्ता रामपाल भारद्वाज सहित अन्य समाजजन मौजूद थे।